हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## पहलगाम का बदला, पाक दहला

### 3 आतंकी संगठनों पर प्रहार

- लश्कर-ए-तैयबा
- जैश-ए-मोहम्मद
- हिजबुल मुजाहिद्दीन

- पूरी कैबिनेट ने मेज थपथपाकर कार्रवाई और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की

एयर स्ट्राइक के बाद भारत में 450 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं और कई एयरलाइनों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है


पंजाब और राजस्थान राज्य के सीमावर्ती शहरों के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं

गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक स्थित करतारपुर कॉरिडोर को फिलहाल के लिए बंद कर दिया गया है



25 मिनट चला ऑपरेशन आतंकी अजहर के परिवार के 14 की मौत

ऑपरेशन सिंदूर




# 7 मिनट में दहला पाकिस्तान

# हिंदुस्तान की 'सिंदूरी जंग'



## मारे गए 90

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई की। पहलगाम में कई महिलाओं का सिंदूर दहशतगर्दों ने उजाड़ा था, अब उसी सिंदूर की ताकत ने पाकिस्तान में हाहाकार मचा दिया है। 9 ठिकानों पर तीनों सेनाओं ने मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया। करीब 25 मिनट के 'ऑपरेशन सिंदूर' में 90 आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया। बड़ी बात यह है कि हमला सिर्फ पीओके तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि पाकिस्तान के अंदर घुसकर जैश और लश्कर के बेस को निशाना बनाया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए कठोर जवाबी कार्रवाई में मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं। भारत की 'नपी-तुली, टकराव को नहीं बढ़ाने वाली, संतुलित और जिम्मेदाराना' कार्रवाई 25 मिनट तक चली। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के दोषियों और साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाने के लिए 'आनुपातिक' हमले करने का निर्णय लिया, क्योंकि पाकिस्तान की ओर से उसके नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए 'कोई ठोस कदम' नहीं उठाया गया। जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने स्वीकार किया कि बहावलपुर में संगठन के मुख्यालय पर भारत के मिसाइल हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और ▶▶| शेष पेज 7 पर

**हाईअलर्ट:** जम्मू-कश्मीर पंजाब, राजस्थान और उत्तराखंड की सीमाओं पर सेना को हाईअलर्ट पर रखा गया है

**नागरिकों की निकासी:** नियंत्रण रेखा के पास बसे नागरिकों को बंकरों और सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है

**छुट्टियां कैंसिल:** गृहमंत्री के निर्देश पर सभी अर्धसैनिक बलों के छुट्टी पर गए जवानों को वापस बुलाया गया है



## 9 ठिकानों पर अटैक

- मरकज़ सुभान अल्लाह- बहावलपुर
- मरकज़ तैयबा- मुरीदके
- सरजाल-तेहरा कलां
- महमूना जोया फैसेलिटी- सियालकोट
- मरकज़ अहले हदीस बरनाला- भिम्बर
- मस्कर राहील शाहिद- कोटली
- शावई नाला कैंप-मुजफ्फराबाद
- सैयदना बिलाल कैंप-मुजफ्फराबाद
- मरकज़ अब्बास- कोटली



आतंकियों को भारत ने अपनी बेटियों से दिलवाया जवाब!

### दोहरा चरित्र : आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए पाक सेना अधिकारी



पाकिस्तानी सेना के जवान और मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा के सदस्य बुधवार को तीन लोगों के जनाजे में शामिल हुए। ये तीनों बुधवार को मुरीदके में भारतीय सेना के हवाई हमले में मारे गए।

### पाक पीएम शहबाज की गीदड़ भभकी

## कहा-खून की एक-एक बूंद का लेंगे बदला

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर गीदड़भभकी दी है। उन्होंने देश के नाम संदेश में कहा, हम इन शहीदों की खून की एक-एक बूंद का बदला लेंगे। शहबाज ने यहां तक कहा कि पाकिस्तान मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। पूरा देश अपने बहादुर सशस्त्र बलों को सलाम करता है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान का इस हमले से कोई ताल्लुकात नहीं है। शहबाज ने अपने भाषण के दौरान भारत को धमकाने की जमकर कोशिश की। उन्होंने पाकिस्तानी सेना, नौसेना और वायुसेना के प्रमुखों की भी तारीफ की और दावा किया कि पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई में भारत को नुकसान हुआ है। हालांकि इसके समर्थन में उन्होंने कोई सबूत नहीं दिया। इससे पहले शहबाज शरीफ ने बुधवार को संसद में कहा कि पाकिस्तानी सेना भारत के हमले के लिए तैयार थी तथा उन्होंने अपनी सेना की 'त्वरित प्रतिक्रिया' की सराहना की। संसद के सत्र को संबोधित करते हुए शहबाज ने दावा किया कि पाकिस्तानी सेना ने पांच भारतीय विमानों को नष्ट कर दिया। हालांकि, उन्होंने अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर में दो शक्तिशाली मिसाइल

### स्कैल्प क्रूज मिसाइल



स्कैल्प क्रूज मिसाइल, जिसे ब्रिटेन में स्टॉर्म शैडो के नाम से जाना जाता है। एक फ्रांसीसी-ब्रिटिश लंबी दूरी की, कम-दृश्यता वाली हवा से जमीन पर मार करने वाली क्रूज मिसाइल है।

**रेंज : 250-560 किमी**

गति : सबसोनिक, मैक-0.8 (लगभग 1,000 किमी/घंटा)

- **वजन:** लगभग 1,300 किग्रा, जिसमें 450 किग्रा का विस्फोटक वारहेड
- **मार्गदर्शन प्रणाली:** जीपीएस और नेविगेशन: सटीक मार्ग निर्धारण
- **उड़ान ऊंचाई:** 100-130 फीट की कम ऊंचाई पर उड़ान, जो इसे रडार से बचाने में सक्षम बनाती है। इलाके की विशेषताओं के आधार पर उड़ान।

विशेषता: स्टील्थ डिजाइन, जो रडार डिटेक्शन से बचाता है। यह फायर-एंड-फॉरगेट मिसाइल है

### हैमर मिसाइल



हैमर मिसाइल फ्रांसीसी रक्षा कंपनी द्वारा विकसित किया गया है। यह एक मध्यम दूरी की, सटीक-निर्देशित हवा से जमीन पर मार करने वाली हथियार प्रणाली है। यह एक मॉड्यूलर हथियार है, जो सामान्य बमों को प्रणोदन किट और मार्गदर्शन प्रणालियों के साथ उन्नत मिसाइल में बदल देता है।

**विशेषताएं: 20-70 किमी जो लॉन्च ऊंचाई और लक्ष्य की प्रकृति पर निर्भर करता है**

- **वजन:** विभिन्न आकारों में उपलब्ध - 125 किग्रा, 250 किग्रा, 500 किग्रा और 1,000 किग्रा
- **मार्गदर्शन प्रणाली सैटेलाइट** : लंबी दूरी के लिए. लक्ष्य की थर्मल पहचान. लेजर गाइडेंस: उच्च सटीकता के लिए
- **विशेषता:** कम ऊंचाई और पहाड़ी इलाकों में प्रभावी, यह बिना जीपीएस के भी लक्ष्य को भेद सकता है

लक्ष्य: बंकर, कठोर सतहें, सैन्य ठिकाने, और गतिशील लक्ष्य

### अब आगे क्या?

**भारत-** भारत ने अपनी सैन्य कार्रवाई पर पहला बयान जारी करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' का मकसद सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था। इसमें पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों का टारगेट नहीं किया गया है। एयरस्पेस पर कड़ी नजर रखी जा रही है, साथ ही सीमा से सटे भारतीय एयरबेस को हाई अलर्ट पर रखा गया है ताकि किसी भी तरह की स्थिति से निपटा जा सके।

### पाक के पंजाब में आपातकाल

भारत की ओर से मिसाइल हमले किए जाने के मद्देनजर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बुधवार को आपातकाल घोषित कर दिया गया और सभी शिक्षण संस्थान बंद कर दिए।

### पाक सेना ने बरसाई गोलियां, 13 की मौत

*पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास स्थित गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की और मोर्टार गोले दागे। इसमें चार बच्चों एवं एक सैनिक सहित कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए।*



**जम्मू/श्रीनगर।** पाकिस्तान की अंधाधुंध गोलाबारी में सैकड़ों निवासियों को भूमिगत बंकरों में शरण लेने या सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। ऐसा इसलिए क्योंकि इस गोलाबारी में मकान, वाहन और एक गुरुद्वारा सहित विभिन्न इमारतें नष्ट हो गईं। इससे सबसे अधिक प्रभावित पुंछ जिले और राजौरी तथा उत्तरी कश्मीर के बारामूला और कुपवाड़ा में सीमावर्ती निवासियों में दहशत उत्पन्न हो गई।

## गर्व का पल




### *पूरे देश के लिए गर्व का पल: मोदी*

*पीएम मोदी ने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व का पल है। भारत की तीनों सेनाओं को बधाई देते हुए पीएम ने कहा कि उन्होंने बेहतरीन काम किया है।*




### *हनुमान जी के आदर्श का पालन किया*

*रक्षा मंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा, हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था- जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे। अर्थात केवल उन्हीं को मारा जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा।*



### *क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया : शाह*

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि उन्हें देश के सशस्त्र बलों पर गर्व है। शाह ने एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है।*



### *अपने सशस्त्र बलों पर गर्व : राहुल*

*कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद!*



### *साय बोले - हर-हर महादेव*

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि हर-हर महादेव, वंदे मातरम।*

### *ओवैसी बोले-पाक को देनी चाहिए सख्त सीख*

*एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैं हमारी सेनाओं की तरफ से पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए हमलों का स्वागत करता हूं।*

हमर-प्रदेश

रायपुर, गुरुवार, 8 मई 2025 haribhoomi.com

हरिभूमि

इस बार... दोनों ही कक्षाओं के टॉपर एक ही जिले से

## दो साल से लड़ रही कैंसर से जंग पिछली बार नहीं दिला पाई थी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले के पखांजुर तहसील के शाउमावि गोण्डाहूर की छात्रा इशिका बाला ने दसवीं में प्रदेश में पहले स्थान पर नाम दर्ज कराते हुए जंग जीत लिया, वहीं दो साल से जारी कैंसर की जंग आज भी लड़ रही है। कैंसर से पीड़ित होने के चलते पिछले साल दसवीं की परीक्षा भी नहीं दे पाई थी। पखांजुर तहसील के निवासी इशिका के पिता शंकर मूलतः किसान हैं। उन्होंने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि बेटी की तबियत 2023 में अचानक खराब हुई और उसके रायपुर के एक निजी अस्पताल में अक्टूबर 2023 में जांच के बाद पता चला कि ब्लड कैंसर है। बेटी पिछले साल ज्यादा बीमार होने के कारण दसवीं की परीक्षा नहीं दे पाई, इस साल तबियत ठीक होने पर परीक्षा दी। उसकी जीवटता और मेहनत के चलते यह मुकाम हासिल हुआ है। इशिका ने बताया कि मेरी तैयारी दो साल की थी और मुझे विश्वास था कि अच्छे नंबर आएंगे, परंतु प्रदेश में पहले नंबर पर आने की मीडिया में खबर मिलते ही खुशियों की बधाई देने का तांता लग गया। आगे की पढ़ाई गणित लेकर करूंगी और साथ में जेइई की तैयारी करूंगी। सिविल से बीटेक करने के पश्चात यूपीएससी की परीक्षा देकर कलेक्टर बनने का लक्ष्य है। परिजनों और गुरूजनों के हौसले से यह जंग जीती है। मुझे विश्वास है कि ब्लड कैंसर से भी जंग जीत लूंगी।



किसान की बहादुर बेटी इशिका बाला बनी 10वीं टॉपर

## 12 वीं का टॉपर अखिल पार्ट टाइम अखबारों का हॉकर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दो साल पहले दसवीं में टाप टेन में नाम दर्ज कराने वाले धनेलीकन्हार के अखिल सेन बारहवीं में सरकारी स्कूल में पढ़कर प्रदेश में नंबर वन की रैंक हासिल करते हुए कांकेर के साथ-साथ अपने परिजनों का नाम रोशन किया। सालभर 6 घंटे की सेल्फ स्टडी की रणनीति काम आई और यह सफलता मिल गई। अखिल सेन विकासखंड कोयलीबेड़ा के शाउमावि कोदागांव के छात्र हैं। अखिल ने बताया कि दसवीं में टाप टेन में आठवीं रैंक हासिल हुई थी। उसी दिन से लक्ष्य रखा था कि बारहवीं में भी रैंक हासिल करना है। स्कूल के बाद छः घंटे की सेल्फ स्टडी करते हुए सोशल मीडिया से दूरी बनाने के चलते यह परिणाम हासिल हुआ, मुझे टॉप टेन में आने का विश्वास था, परंतु प्रदेश में नंबर वन की जानकारी मिलते ही और बधाई की तांता लग जाने से अजीब सी अनुभूति महसूस हुई। अखिल ने बताया कि न तो ट्यूशन गया और न ही किसी की तरह आ न ला ई न क्लास लिया। स्कूल में जो पढ़ाया गया और प्रीवियस ईयर के प्रश्न पत्रों को एकाग्रता से हल किया, उसी के चलते यह मुकाम हासिल हो सका। वह अखबार बांटने का काम भी करता है। मेरा आगे लक्ष्य सीए बनने का है, जिसकी अब तैयारी शुरू हो जाएगी। पिता सेन भेदन सेन धनेलीकन्हार में किराना दुकान के व्यवसायी है, वहीं माता सेवती सेन गृहणी है।



पिता चलाते हैं किराना दुकान, नहीं देखी सोशल मीडिया की शक्ल

## नमन को अंग्रेजी, हिंदी एवं गणित में 100 में से 100 नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पत्थलगांव

जशपुर जिले के पत्थलगांव निवासी नमन खुंटिया ने 99.17 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में इशिका बाला के साथ संयुक्त रूप से टॉप किया है। नमन को अंग्रेजी, हिंदी एवं गणित में 100 में से 100 नंबर मिले हैं। नमन के पिता अर्जुन किसान हैं और एक दुकान में काम करते हैं। माता हरावती खुंटिया हाउस वाइफ हैं। नमन ने बताया कि वह गणित की पढ़ाई कर इंजीनियर बनना चाहते हैं। आईआईटी में प्रवेश पहला लक्ष्य है। नमन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता एवं अपने शिक्षकों को दिया है। संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के छात्र नमन खुंटिया शुरू से ही मेधावी रहे हैं। नमन का मूल निवास पत्थलगांव के ग्राम गाला के मांझापारा में है। नमन की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने भी फोन करके बधाई दी। मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या प्रथम आने की उम्मीद थी? तो नमन ने कहा, उसे सपने में जरुर ऐसा दिख रहा था। सीएम ने हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।



## 12वीं के होनहार

अखिल सेन — 98.20, कांकेर, प्रथम



श्रुति मंगतानी — 97.40, एमसीबी, द्वितीय



वैशाली साहू — 97.20, बेमेतरा, तृतीय



हिमेश यादव — 97%, बलौदाबाजार, चतुर्थ



लुभी साहू — 97%, बलौदाबाजार, चतुर्थ



निशा एक्का — 96.80, जशपुर, पंचम



पल्लवी वर्मा — 96.60, रायपुर, षष्टम



कृतिका यादव — 96.60, रायगढ़, षष्टम



धनेश्वरी यादव — 96.40, रायपुर, सप्तम



रुचिका साहू — 96.40, रायपुर, सप्तम



तरंग अग्रवाल — 96.20, रायगढ़, अष्टम



सौम्या अग्रवाल — 96.20, सक्ती, अष्टम



कृति यादव — 96%, रायपुर, नवम




कृष्णा कुमार — 96%, रायपुर, नवम



रुचि कल्यानी — 96%, रायपुर, नवम



खुशी देवांगन — 96%, जांजगीर-चांपा, नवम



ग्रेसी साहू — 95.80, बालोद, दशम



रितु साहू — 95.80, बेमेतरा, दशम



भूमिका देवांगन — 95.80, रायपुर, दशम



पहली बार छात्रों को परिणाम देखने दोपहर 4 बजे तक इंतजार करना पड़ा। देर शाम तक माशिम की वेबसाइट क्रैश रही।

### दसवीं में 85 और बारहवीं में 19, कुल 104 विद्यार्थी मेरिट लिस्ट में

# टॉपर्स का शतक...10वीं में रिकॉर्ड 85 विद्यार्थी मेरिट में, 12वीं में पहली बार 82 फीसदी उत्तीर्ण

**माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा बुधवार दोपहर लगभग 4 बजे की गई। हाईस्कूल और हायरसेकंडरी मिलाकर टॉपर्स की संख्या 100 के पार हो गई है। दसवीं कक्षा में 85 और बारहवीं कक्षा में 19 छात्रों ने टॉप-10 में जगह बनाई है। इसके अलावा इस बार बारहवीं कक्षा के नतीजे भी रिकॉर्डतोड़ रहे हैं। बारहवीं कक्षा में 81.87 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। दसवीं कक्षा में 76.53% छात्र सफल हुए हैं। 99.17% अंकों के साथ इशिका दसवीं टॉपर बनी। 12वीं में 98.20% के साथ कांकेर के अखिल सेन टॉपर बने हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परीक्षा परिणामों की घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सचिवालय में की। इस बार मंडल कार्यालय में परिणाम जारी नहीं हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष एवं अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, माशिम सदस्य मोतीलाल साहू, माशिम सचिव पुष्पा साहू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने परीक्षा में किसी कारणवश अनुत्तीर्ण रह जाने वाले विद्यार्थियों को अगली परीक्षा के लिए फिर से दोगुने उत्साह के साथ तैयारी करने की समझाईश दी है। उन्होंने कहा कि असफलता से विद्यार्थी निराश न हो, क्योंकि जीवन में असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है।

### नतीजे एक नजर में...

**कक्षा-बारहवीं**

12वीं का कुल रिजल्ट इस बार 81.87 प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में 2 लाख 40 हजार 356 विद्यार्थियों शामिल हुए। इनमें से 1 लाख 94 हजार 906 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। उत्तीर्ण होने वाली बालिकाओं का प्रतिशत 84.67 रहा, वहीं 78.07 फीसदी बालक 12वीं में पास हुए हैं। 12वीं की परीक्षा एक मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक चली थी।

**कक्षा- दसवीं**

10 वीं में 76.53% छात्र पास हुए हैं। इस बार 10वीं बोर्ड एग्जाम में 3लाख 23 हजार 94 स्टूडेंट शामिल हुए थे। इनमें से 2 लाख 45 हजार 913 छात्र उत्तीर्ण रहे। पास होने वाली बालिकाओं का प्रतिशत 80.70 तथा बालकों का प्रतिशत 71.39 रहा। इस तरह से दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षाओं में बालिकाओं का प्रदर्शन बालकों से बेहतर रहा है।

**99.17 अंकों के साथ इशिका दसवीं टॉपर**
**98.20% के साथ अखिल 12वीं में अव्वल**



दसवीं में 76.53% छात्र पास, 81.87 प्रतिशत रहे बारहवीं के परिणाम

माशिम ने पहली बार बगैर पूर्व सूचना रिजल्ट जारी किए। बुधवार सुबह तक माध्यमिक शिक्षा मंडल के भी कई अधिकारियों को परिणाम जारी किए जाने की सूचना नहीं थी।

पहली बार छात्रों को परिणाम देखने के लिए दोपहर 4 बजे तक इंतजार करना पड़ा। इसके बाद देर शाम तक माशिम की वेबसाइट क्रैश रही। कई छात्र रात 7-8 बजे अपने रिजल्ट देख सके।

## दसवीं : आत्मानंद के 32 छात्र शीर्ष दस में, सरस्वती शिशु मंदिर से मात्र चार

बारहवीं : आत्मानंद विद्यालय से 6 छात्र मेरिट में, सरस्वती शिशु मंदिर से एक भी नहीं

कभी सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी थोक में मेरिट लिस्ट में जगह बनाते थे, लेकिन इस बार स्वामी आत्मानंद विद्यालय इस पर भारी पड़ गया है। दसवीं कक्षा में स्वामी आत्मानंद विद्यालय के 32 छात्र शीर्ष दस में हैं, लेकिन सरस्वती शिशु मंदिर से सिर्फ 4 छात्र ही इसमें जगह बना सके हैं। वहीं दूसरी ओर बारहवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में एक भी विद्यार्थी सरस्वती शिशु मंदिर से नहीं है, वहीं आत्मानंद विद्यालय के 6 छात्रों ने इसमें जगह बनाई है। दोनों कक्षाओं के परीक्षा परिणाम देखे जाएं तो स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्रों का प्रदर्शन सरस्वती शिशु मंदिर पर भारी पड़ा है। मेरिट में जगह बनाने वाले स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थी हिंदी और इंग्लिश दोनों ही माध्यमों से हैं।

**प्रयास के विद्यार्थियों ने भी दिखाया कमाल**

स्वामी आत्मानंद विद्यालय के अलावा प्रयास के विद्यार्थियों ने भी कमाल दिखाया है। दसवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में 13 विद्यार्थी प्रयास अवासीय विद्यालय के हैं। हालांकि बारहवीं में प्रयास के एक भी छात्र जगह नहीं बना सके हैं। गौरतलब है कि प्रयास अवासीय विद्यालय में चयन परीक्षा के आधार पर छात्रों को दाखिले मिलते हैं।

## प्राइवेट स्कूलों से आगे निकले शासकीय विद्यालय, मेरिट में लड़कों से ज्यादा लड़कियां

**बारहवीं : शीर्ष-10 में शासकीय विद्यालय के 10 और निजी विद्यालय के 9 छात्र**

**दसवीं : मेरिट में सरकारी स्कूलों के 56 और प्राइवेट स्कूल के सिर्फ 29 विद्यार्थी**

शासकीय विद्यालयों का प्रदर्शन प्राइवेट स्कूल से बेहतर रहा है। दोनों ही कक्षाओं में टॉप-10 में जगह बनाने वाले अधिकतर छात्र शासकीय विद्यालय से हैं। एक बार फिर इन गुदड़ी के लालों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सफलता के लिए सुविधा नहीं बल्कि जुनून जरूरी होता है। बारहवीं कक्षा में 19 छात्रों ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। इनमें से 10 छात्र सरकारी स्कूल से हैं, जबकि 9 विद्यार्थी प्राइवेट स्कूल में अध्ययनरत थे। वहीं दसवीं कक्षा में मेरिट लिस्ट में आने वाले छात्रों में से 56 शासकीय विद्यालयों से हैं, जबकि निजी स्कूल के सिर्फ 29 छात्र इस सूची में हैं।

**दसवीं में 52 व बारहवीं में 15 लड़कियां**

उत्तीर्ण होने के प्रतिशत में आगे रहने के साथ ही लड़कियां टॉप-10 में जगह बनाने के मामले में भी आगे रही हैं। दसवीं कक्षा के मेरिट में आने वाले 85 छात्रों में से 52 लड़कियां हैं, जबकि लड़के 33 ही हैं। इसी तरह बारहवीं कक्षा की मेरिट में 15 लड़कियां और 4 लड़के हैं।

## 10 वीं के होनहार

**प्रथम - 99.17%**
इशिका बाला, कांकेर
नमन खुंटिया, जशपुर

**द्वितीय - 99%**
लिव्यांश देवांगन, बलौदाबाजार

**तृतीय - 98.83%**
रिया केवट, बालोद
हेमलता पटेल, लैलूंगा
तिपेश प्रसाद यादव, जशपुर

**चतुर्थ - 98.67%**
अविनाश साहू, बेमेतरा
जयेंद्र जैसवाल, कबीरधाम
प्रवीण प्रजापति, सक्ती
जीवन समाद्दर, कांकेर

**पंचम - 98.50%**
कालिंदी पटेल, सक्ती
मेघा चंद्रा, सक्ती
जतिन कुमार, कांकेर
युवराज पैंकरा, जशपुर

**षष्ठम - 98.33%**
कंचनबाला, बलौदाबाजार
सौरभ, धमतरी
वैष्णवी देवांगन, दुर्ग
प्रिंसी चंद्राकर, कबीरधाम
आरती भोई, महासमुंद
नमन ठाकुर, रायपुर
बी.साई संजना, रायपुर
कोमल यादव, सक्ति
पायल सिंह, सक्ती
धिमान ब्राह्मण, कांकेर
डेविड गावडे, कांकेर
प्रियंका मुचाकी, सुकमा

**सप्तम-98.17%**
भावना साहू, बालोद
सिया साहू, बेमेतरा
रिया देवांगन, दुर्ग
सिमरण कश्यप, महासमुंद
आयुषी कुमारी, रायगढ़
पूर्णिमा पैंकरा, जशपुर
अनुष्का सिंह, जशपुर

**अष्टम-98%**
योगांत देशमुख, बालोद
साक्षी अग्रवाल, बलौदाबाजार
भावना सोनकर, बेमेतरा
केतन साहू, रायपुर
खुशबू सेन, रायपुर
पूर्वी साहू, रायपुर
अंशु पटेल, सक्ती
नयन मंडल, कांकेर
स्तुति पांडेय, जशपुर
अंकित यादव, जशपुर
हर्षिता सिंह, जशपुर
जितेंद्र बंजारे, जशपुर
पूजा चौहान, जशपुर
संजना पैंकरा, जशपुर

**नवम-97.83%**
ध्रुव साहू, बालोद
समीर साहू, धमतरी
नूतन वर्मा, दुर्ग
बिट्टू कुशवाहा, दुर्ग
मौली चंद्राकर, कबीरधाम
महक सिंह, रायपुर
योगिता वर्मा, रायपुर
बर्षा प्रियदर्शनी, रायपुर
उत्कर्ष केशरवानी, बिलासपुर
अदिति देवांगन, जांजगीर-चांपा
उपेंद्र साहू, जांजगीर-चांपा
डिंपल सिंह, कोरबा
आस्था केशावानी, कोरबा
गगन सिंह, मुंगेली
रौनित चौहान, रायगढ़
रमशीला नाग, दंतेवाड़ा
करीना टोप्पो, जशपुर
ऋतु कुर्रे, जशपुर
भूमिका राजवाड़े, सरगुजा

**दशम-97.67%**
भूमिका साहू, बालोद
हिरमानी वर्मा, बेमेतरा
आदित्य प्रताप सिंह, दुर्ग
राम सोनी, रायपुर
अंजली साहू, रायपुर
नेहा चक्रधारी, रायपुर
काव्या वर्मा, रायपुर
दिव्या तिवारी, रायपुर
चित्रांश देवांगन, रायपुर
राधिका डिगरास्कार, बिलासपुर
भाविक द्विवेदी, जांजगीर-चांपा
निखिल कुमार, कोरबा
गीतिका वर्मा, मुंगेली
शुभम देवांगन, सक्ती
संदेश करंगा, नारायणपुर
माही डनसेना, जशपुर
दिव्या चौहान, सरगुजा
खुशबू बारिक, सरगुजा
वंदना सिंह, मनेंद्रगढ़-चिरमरी-भरतपुर

## पिता हैं टेलर, चयन परीक्षा के जरिए मिला था प्रयास विद्यालय में दाखिला



डिंपल 2023 से प्रयास स्कूल कोरबा में अध्यनरत हैं। 97.83 प्रतिशत के साथ नवमे स्थान पर रही हैं। डिंपल के पिता प्रीतम सिंह दर्जी का काम करते हैं। बचपन से डिंपल मेधावी रहीं, डिंपल की रुचि गणित विषय में है और आगे चलकर यह अपना कॅरियर इंजीनियर में बनाना चाहती हैं। पढ़ाई के लिए चार से पांच घंटे का समय देती थीं। स्कूल के शिक्षकों ने भी उन्हें इस पढ़ाई के दौरान मदद की। दो बहनों में सबसे छोटी डिंपल मेहनत और लगन को ही सर्वोपरि मानती हैं। मां मोतीन सिंह ने भी हमेशा प्रोत्साहित किया है।

## ठेका श्रमिक के पुत्र का गणित से लगाव, इंजीनियर बनने की तमन्ना

मेरिट सूची में 97.6 प्रतिशत अंक लेकर दसवां स्थान पाने वाले छुरी हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र निखिल कुमार कैवर्त के पिता सीएसईबी पश्चिम संयंत्र में ठेका श्रमिक हैं। दो बहन और एक भाई का परिवार है। गणित विषय को अपना रुचिकर विषय बताने वाले निखिल आगे चलकर इंजीनियर बनने की तमन्ना लिए हैं। वह अपनी दो बहनों को भी अपनी ही तरह पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की इच्छा रखते हैं। प्रतिदिन 3 से 4 घंटे पढ़ाई में समय देने वाले निखिल का कहना है कि पढ़ाई के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में और अपनी मेहनत से सफलता मिलती है।



## प्लंबर की बेटी ने महतारी वंदन के पैसों से खरीदी कॉपी-किताबें

**रायगढ़।** रायगढ़ में प्लंबर की बेटी कृतिका यादव ने 12वीं में प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त किया है। कृतिका बेहद गरीब परिवार से हैं। कृतिका के पिता सियाराम यादव प्लंबर हैं, जो दूसरों के घर में नल ठीक करने का काम करते हैं। जबकि कृतिका की मां भानुकला यादव गृहिणी हैं। कृतिका का बड़ा भाई मनीष यादव कॉलेज में पढ़ाई करता है। हरिभूमि से बातचीत करते हुए कृतिका के पापा सियाराम ने कहा कि उनकी बेटी शुरू से प्रतिभावान है। वह शुरुआत से गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई करती है। कृतिका के पिता सियाराम ने कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी। मेहनत मजदूरी से जो कुछ कमाई होती थी उससे घर खर्च चलाना मुश्किल हो रहा था। महतारी वंदन के पैसे से बेटी के लिए कॉपी-किताबें खरीदीं। कृतिका ने बताया, बिना ट्यूशन पढ़े अपनी मेहनत और लगन से ये मुकाम हासिल किया है। घर में माहौल अच्छा था, मां पापा और भाई हमेशा उसकी मदद करते थे। वहीं, स्कूल में भी शिक्षक समय समय पर मार्गदर्शन करते थे। कृतिका आगे चलकर चार्टर्ड अकाउंटेट बनना चाहती है।



रायपुर

गुरुवार, 8 मई 2025

वैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी

वर्ष : 23, अंक : 290

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम

अधि. 39.0

न्यून. 25.7

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 रौड्रिग्स का शतक, भारतीय महिला...





विचार पेज


4 आतंक के आकाओं को सिखाया सबक







# दुर्ग-भिलाई समेत 244 शहरों में ब्लैकआउट



ड्रोन फोटो: उमेश पांडेय, भिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/ भिलाई


जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले महीने हुए आतंकी हमले के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए जाने के बाद विभिन्न राज्यों में बुधवार को 'मॉक ड्रिल' की गई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच 'नए और जटिल खतरे' सामने आए हैं, जिसके बाद मंत्रालय ने यह निर्देश जारी किया था। भिलाई-दुर्ग में मॉकड्रिल और रेड अलर्ट स्पॉट बीएसपी के मेन गेट और टाउनशिप के आसपास ब्लैक आउट किया गया। मॉक ड्रिल में छत्तीसगढ़ का एक मात्र जिला दुर्ग ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर विभिन्न राज्यों में 'मॉक ड्रिल'



### आपदा से जुड़ी जानकारी दी गई

भिलाई के प्रमुख स्थलों में शहीद चौक, इंदिरा मार्केट, बीएसपी मेन गेट, एनडीआरएफ कार्यालय में सायरन बजाकर अलर्ट की जानकारी दी गई। शाम 7.30 बजे से 7.42 बजे तक ब्लैक आउट किया गय। बीएसपी के मेनगेट और टाउनशिप में बिजली गुल रखी गई, लोगों की दुकानों के बिजली बंद कराए गए। सायरन बजाकर लोगों को आपदा से जुड़ी जानकारी दी गई। लोगों को प्राथमिक उपचार के बारे में बताया गया। इस दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य प्रशासनिक, हेल्थ और पुलिस अमला सक्रिय रहा।



### देशभर में बजा सायरन

नई दिल्ली समेत देश के 244 शहरों में सायरन बजने के बाद 'मॉक ड्रिल' की शुरुआत हुई। झारखंड में तीन घंटे का यह अभ्यास रांची, जमशेदपुर, बोकारो, गोड्डा और साहिबगंज में नागरिक सुरक्षा संगठनों के समन्वय से किया। हरियाणा के गुरुग्राम, पंचकूला, अंबाला और रोहतक में व्यस्त शॉपिंग मॉल, बाजारों और अन्य प्रतिष्ठानों में अभ्यास किया गया। महाराष्ट्र के मुंबई में छत्रपति शिवाजा महाराज टर्मिनल और दक्षिण मुंबई के क्रॉस मैदान में 'मॉक ड्रिल' की गई। कर्नाटक के बेंगलुरु में विभिन्न स्थानों पर 'ऑपरेशन अभ्यास' के तहत बड़े पैमाने पर 'मॉक ड्रिल' की गई।

---

हाईकोर्ट ने राज्य शासन और शिक्षा विभाग को लगाई फटकार

## प्राचार्य प्रमोशन की सभी प्रक्रिया पर 9 जून तक रोक, काउंसलिंग-ज्वाइनिंग भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्राचार्य प्रमोशन के मामले में किसी भी प्रक्रिया पर रोक 9 जून तक रहेगी। हाईकोर्ट ने काउंसलिंग और ज्वाइनिंग पर कोई भी प्रक्रिया नहीं करने का आदेश जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 9 जून को होगी। हाईकोर्ट ने बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य शासन और स्कूल शिक्षा विभाग को जमकर फटकार लगाई और कहा कि आदेश के बाद भी शिक्षकों को प्राचार्य पद पर ज्वाइन कराया गया। यह मामला हाईकोर्ट के आदेश के अवमानना का है। कोर्ट ने राज्य शासन से कितने शिक्षकों ने ज्वाइन किया, ज्वाइनिंग किसने दी और प्राचार्य प्रमोशन पर पूरी रिपोर्ट मांगी है। अगले आदेश तक सभी ज्वाइनिंग को भी हाईकोर्ट ने अमान्य किया है। दरअसल प्राचार्य प्रमोशन को लेकर हाईकोर्ट में कई याचिकाएं लगी है।

■ रोक के बाद भी जिन शिक्षकों ने ज्वाइन किया उनकी ज्वाइनिंग मान्य नहीं होगी



खास खबर

एक मामला 2019 से जुड़ा हुआ है, जबकि दूसरा प्रकरण 2025 और बीएड-डीएलएड से जुड़ा है। 28 मार्च 2025 को जब हाईकोर्ट की पिछली सुनवाई हुई थी, तो सरकार की ओर से कोर्ट को आश्वस्त किया गया था कि अगली सुनवाई तक प्राचार्य प्रमोशन का ▶▶|शेष पेज 7 पर

### नए सत्र से पहले आ जाएगा फैसला

सुनवाई के दौरान शासन की ओर से कहा गया कि राज्य भर में प्राचार्यों के सैकड़ों पद खाली हैं। यह पद नहीं भरे गए तो नए शिक्षण सत्र में व्यवस्था और पढ़ाई पर असर पड़ सकता है। शासन ने प्राचार्य पद पर काउंसलिंग के साथ ही ज्वाइनिंग के आदेश देने की मांग की। याचिकाकर्ताओं ने इसका विरोध किया और कहा कि नया सत्र 16 जून से शुरू हो रहा है। हाईकोर्ट में ग्रीष्मकालीन अवकाश भी खत्म होने के बाद नियमित सुनवाई 9 जून से शुरू हो जाएगी। हाईकोर्ट ने इसे स्वीकार किया और कहा कि 9 जून तक शासन पूरी रिपार्ट पेश करे। उसी दिन अंतिम सुनवाई के बाद ही मामले में अंतिम आदेश भी जारी कर दिया जाएगा।

### शिक्षकों की ज्वाइनिंग पर हाईकोर्ट नाराज

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान शिक्षकों की ज्वाइनिंग का मुद्दा भी याचिकाकर्ताओं ने उठाया। बताया गया कि व्याख्याता से प्राचार्य पद की पदोन्नति पर 7 मई तक रोक थी। इसके बाद भी कई जिलों में ज्वाइनिंग जारी रही। बताया गया कि प्राचार्यों के प्रमोशन आदेश में स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया गया था कि यह पदोन्नति हाईकोर्ट के आदेश के अधीन रहेगी। उसके बाद काउंसलिंग के जरिये डीपीआई पोस्टिंग करेंगे। इसके बाद भी कई जगहों पर प्राचार्य पद पर ज्वाईनिंग देकर पावती ले ली गई। इसमें डीईओ और व्याख्याताओं के मिलीभगत की ▶▶|शेष पेज 7 पर

---

## रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास



67 टेस्ट

12 शतक

18 अर्धशतक

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जिससे सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर सभी अटकलें खत्म हो गईं। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अपने करियर के दूसरे भाग में भारत के सबसे सफल टेस्ट बल्लेबाजों में से एक था। रोहित ने 67 टेस्ट में 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 40.57 की औसत से 4301 रन बनाए। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत की कप्तानी की।

### टी-20 से ले चुके संन्यास

भारत को टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जिताने के बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ इस प्रारूप से संन्यास का एलान कर दिया था। भारत ने यह खिताब दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपने नाम किया था।

---

तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान की नई सुविधाओं को मंजूरी

## भिलाई समेत देश के पांच आईआईटी का होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आंध्र प्रदेश, केरल, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर और कर्नाटक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित पांच नए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की शैक्षणिक और अवसंरचना क्षमता (चरण-बी निर्माण) के विस्तार को बुधवार को स्वीकृति दी। प्रस्तावित विस्तार की कुल लागत 2025-26 से 2028-29 तक चार वर्षों की अवधि में 11,828.79 करोड़ रुपये आंकी गई है। मंत्रिमंडल ने इन आईआईटी में प्रोफेसर स्तर के 130 संकाय पदों के सृजन को भी स्वीकृति दी। ये आईआईटी आंध्र प्रदेश (आईआईटी तिरुपति), केरल (आईआईटी पलक्कड़), छत्तीसगढ़ (आईआईटी भिलाई), जम्मू कश्मीर (आईआईटी जम्मू) और कर्नाटक (आईआईटी धारवाड़) हैं।

### सीएम साय ने पीएम मोदी का जताया आभार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आईआईटी भिलाई के विस्तार के संबंध में की गई घोषणा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की दिशा में एक और बड़ा कदम है।

---

## दिनदहाड़े बैंक से 5 करोड़ का गोल्ड, 15 लाख कैश ले उड़े

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर जिले में बुधवार की सुबह एक बड़ी बैंक लूट हुई। नगर थाना क्षेत्र के काशीपुर में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में अपराधियों ने 5 करोड़ रुपये का सोना और 15 लाख रुपये नकद लूट लिए। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। अपराधी ग्राहक बनकर बैंक में घुसे और हथियार दिखाकर बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बना लिया।



### खाता खुलवाने के नाम पर आए थे अपराधी

बैंक के डिप्टी मैनेजर शशि भूषण कुमार ने घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 11:30 बजे दो-तीन बदमाश खाता खुलवाने के नाम पर बैंक के अंदर आए। उन्होंने कर्मचारियों से पूछा कि खाता खोलने के लिए किन दस्तावेजों की जरूरत है। कुछ देर बाद 6-7 और बदमाश अंदर घुस गए।




# आतंक के हेडक्वार्टर तबाह

**आपरेशन सिंदूर ने बरपाया पाकिस्तान और पीओके में कहर**


**भारतीय एयरस्ट्राइक के बाद सड़कों पर सेना और एंबुलेंस**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में की गई एयरस्ट्राइक में 90 आतंकियों की मौत हो गई है। एयरस्ट्राइक के बाद की कुछ तस्वीरें भी सामने आई है जिसमें दिख रहा है कि कैसे भारत की एयरस्ट्राइक में आतंकी ठिकाने तबाह हो गए हैं। यह हमला आतंकवादियों के ठिकानों को खत्म करने के लिए किया गया, जिनकी गतिविधियों का पाकिस्तान से जुड़ा हुआ था। मुरीदके में अस्पताल के बाहर खड़ी एंबुलेंस से जाहिर होता है कि हवाई हमले में आतंकी घायल भी हुए हैं। इसके अलावा सडकों पर पुलिस और आर्मी नजर आ रही है। जो वीडियो सामने आए हैं उसमें दिख रहा है कि आतंकवादियों के हेडक्वार्टर भारत की स्ट्राइक में बुरी तरह तबाह हुए हैं।


बहावलपुर क्षतिग्रस्त मस्जिद

**मुजफ्फराबाद में भी बड़ा नुकसान :** मुजफ्फराबाद में भी भारतीय हमले के बाद बड़ी तबाही देखी गई, जहां आतंक की मस्जिद को नुकसान हुआ है। इस मस्जिद का उपयोग आतंकवादियों द्वारा बैठकें आयोजित करने के लिए किया जाता था।


कोटली में जैश ए मुहम्मद का मरकज अब्बास।


सियालकोट हिजबुल मुजाहिदीन ठिकाना।


मुरीदके शहर में चल रहा रेस्क्यू आपरेशन।



मुजफ्फराबाद

## तबाह किए 9 टारगेट्स की जानिए कहानी कहां, कैसे मिलती थी आतंकियों को ट्रेनिंग

*भारत ने 6 मई की रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद कुल 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक कर दी। यह जवाब उस कायराना हमले के बाद दिया गया है, जिसमें पहलगाम में 25 भारतीय नागरिक और एक नेपाली नागरिक की जान गई थी। आइए जानते हैं आपरेशन सिंदूर के तहत इन 9 टारगेट्स को क्यों चुना भारत ने*

(1) **सवाई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद** : यह पीओजेके में स्थित है, जो तंगधार सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से 30 किलोमीटर दूर है और यह लश्कर-ए-तैयबा का एक प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र था। 20 अक्टूबर, 2024 को सोनमर्ग में नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमला, 24 अक्टूबर, 2024 को गुलमर्ग में और 22 अप्रैल को पहलगाम हमला सवाई नाला में बने इस आतंकी मॉड्यूल द्वारा किया गया था।

(2) **सैयदना बिलाल शिविर, मुजफ्फराबाद** : जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी संगठन का एक शिविर था। इस शिविर का उपयोग नियंत्रण रेखा के पार कश्मीर क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आतंकवादियों को हथियार, और जंगल में जीवित रहने की तकनीक का प्रशिक्षण देने के लिए किया जाता था।

(3) **गुलपुर शिविर, कोटली** : नियंत्रण रेखा (एलओसी) से 30 किलोमीटर दूर स्थित है। यह राजौरी-पुंछ में सक्रिय लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों का अड्डा था। बीस अप्रैल, 2023 को पुंछ में हुए हमलों और 9 जून, 2024 को बस में यात्रा कर रहे निर्दोष तीर्थयात्रियों पर हमले में शामिल आतंकवादियों को गुलपुर में प्रशिक्षित किया गया था। मिली जानकारी से पुष्टि हुई है कि 26/11 का मास्टरमाइंड जकी-उर-रहमान लखवी अक्सर इस शिविर में आकर भड़काऊ भाषण देता था।

(4) **अब्बास शिविर, कोटली** : राजौरी के सामने एलओसी से करीब 13 किलोमीटर दूर स्थित था, इसे लश्कर के आत्मघाती हमलावरों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में जाना जाता था। इस शिविर में करीब 50 आतंकवादियों के लिए प्रमुख आतंकवादी प्रशिक्षण बुनियादी ढांचा था।

(5) **बरनाला शिविर, भीमबेर** : राजौरी-पुंछ सेक्टर के सामने एलओसी से 9 किलोमीटर दूर स्थित इस शिविर का इस्तेमाल आतंकवादियों को हथियार चलाने, आईईडी बनाने और जंगल में जीवित रहने की तकनीक सिखाने के लिए किया जाता था।

(6) **सरजाल शिविर, सियालकोट** : सांबा-कठुआ के सामने अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब छह किलोमीटर दूर स्थित था। मार्च 2025 में जम्मू कश्मीर पुलिस के चार जवानों की हत्या करने वाले आतंकवादियों को इसी शिविर से प्रशिक्षित किया गया था।

(7) **मेहमूना जोया शिविर, सियालकोट** : अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 12 किलोमीटर दूर, सियालकोट के पास स्थित था, यह हिजबुल मुजाहिदीन का एक प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र था। इस शिविर का इस्तेमाल कठुआ और जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद को फिर से खड़ा करने के लिए नियंत्रण केंद्र के रूप में किया जा रहा था। पठानकोट वायुसेना अड्डे पर हमले सहित बड़े आतंकवादी हमलों की योजना और निर्देशन इसी शिविर से किया गया था।




(8) **मरकज तैयबा, मुरीदके** : अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित यह हाफिज सैयद के नेतृत्व वाले लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय था। यहां प्रशिक्षित आतंकवादी 2008 में मुंबई हमलों सहित कई हमलों से जुड़े रहे हैं। मुंबई हमले के बाद जिंदा पकड़े गए पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब ने मुरीदके में प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कबूल की थी। जानकारी के अनुसार, यह पता चला था कि डेविड कोलमैन हेडली ने भी इस शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

(9) **मरकज सुभान, बहावलपुर** : अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित, जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय था। इस शिविर का इस्तेमाल जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों की भर्ती और उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए किया जाता था। मसूद अजहर सहित आतंकवादी सरगना इस शिविर में अक्सर आते थे और इस शिविर से आतंकवादियों को निर्देश देते थे।

## एयर स्ट्राइक की दुनियाभर में चर्चा

### जानता था भारत बदला लेगा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को पहले से कुछ होने की आशंका थी और उन्हें उम्मीद है कि 'यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा, 'हमने अभी-अभी इसके बारे में सुना जब हम ऑफिस के दरवाजों से अंदर आ रहे थे।

### रूस



भारत के इस एयरस्ट्राइक पर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा, 'पहलगाम शहर के पास आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव को लेकर हम बेहद चिंतित हैं। रूस सभी प्रकार के आतंकवादी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है, किसी भी आतंकवादी गतिविधि पर आपत्ति जताता है और इस बुराई के खिलाफ प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एकजुट होने की जरूरत पर जोर देता है।'

### चीन



चीन ने पाकिस्तान के अंदर भारत के सैन्य अभियान पर एतराज जताते हुए इसे खेदजनक कहा है। चीन ने कहा है कि जिस तरह के हालात भारत और पाकिस्तान में बन रहे हैं, उसे देखते हुए हम मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित हैं। चीन ने दोनों पक्षों से बातचीत का रास्ता अपनाने की अपील की है। चीन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान हमेशा एक दूसरे के पड़ोसी हैं और पड़ोसी रहेंगे। चीन का कहना है कि वह सभी तरह के आतंकवाद के सभी रूपों का विरोध करता है।

### इजराइल



भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि इजराइल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिए उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है।

### तुर्की



भारत ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर टारगेटेड अटैक किया है। इसे लेकर तुर्की ने गंभीर चिंता जताई है। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर भारत द्वारा बुधवार रात किए गए मिसाइल हमले को 'जंग को न्योता देने वाला' करार दिया है।

### यूएई



संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के विदेश मामलों के उप प्रधान मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के एक बयान के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात ने भारत और पाकिस्तान से 'संयम बरतने, तनाव कम करने और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति को खतरा पैदा करने वाले तनाव को और बढ़ने से बचने' के लिए कहा है।

### वर्ल्ड मीडिया ने कहा

अमेरिका के प्रतिष्ठित अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने 'आतंकवादी हमले के दो सप्ताह बाद भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया' की हेडलाइन से खबर



अपनी वेबसाइट के होमपेज पर सबसे उपर लगाई है। वहीं वाशिंगटन पोस्ट ने 'कश्मीर हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर स्ट्राइक किया, युद्ध की आशंका बढ़ी' की हेडलाइन से खबर छापी है और इसे अपने वेबसाइट के होमपेज पर सबसे उपर लगाई है। ब्रिटिश अखबार बीबीसी ने 'भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर पर हवाई हमले किए' की हेडलाइन के साथ लाइव ब्लॉग चला रखा था।

## लाहौर से 40 किमी दूर मुरीदके में था लश्कर का प्रशिक्षण बेस

# जहां हुई थी कसाब और हेडली की ट्रेनिंग सेना ने मिटाया उसका नामोनिशान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

7 मई की सुबह 1.05 बजे से 1.30 बजे तक ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना ने अंजाम दिया। इस हमले में पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। इस हमले का आधिकारिक ऐलान भारतीय सेना ने इसे अंजाम देने के कुछ घंटे बाद ही कर दिया था। इस मामले पर विस्तार से भारतीय सेना ने अब जानकारी साझा की है, जिसमें बताया कि किस तरह से इस अटैक को अंजाम दिया गया। उन्होंने साफ किया इस दौरान सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया गया है। इसके लिए काफी लंबी रिसर्च की गई और खाका तैयार किया गया था कि कहां पर आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती है। इसी प्रेस वार्ता में बताया गया कि भारतीय सेना ने वो ट्रेनिंग कैंप भी उड़ा दिए जहां अजमल कसाब और डेविड हेडली जैसे खतरनाक आतंकियों को ट्रेनिंग दी गई थी।

**26/11 के मुंबई हमलों को अंजाम दिया था इन आतंकियों ने**



### केवल आतंकी ट्रेनिंग सेंटर को बनाया निशाना

भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने बुधवार सुबह 10.30 बजे शुरू हुई एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत की रातों-रात की गई सटीक सैन्य प्रतिक्रिया 'ऑपरेशन सिंदूर' में लक्षित नौ आतंकी शिविरों और प्रशिक्षण सुविधाओं का चयन विश्वसनीय खुफिया इनपुट के आधार पर किया गया था। कर्नल कुरैशी ने कहा कि इन ट्रेनिंग कैंप को उपलब्ध खुफिया जानकारी की सावधानीपूर्वक समीक्षा के बाद चुना गया था और केवल आतंकवादी प्रतिष्ठानों को ही निशाना बनाने का ध्यान रखा गया था।

### यहीं हुई थी कसाब और हेडली की ट्रेनिंग

बीते कई सालों में इन्हीं कैंप्स में भारत के खिलाफ होने वाले आतंकी हमलों की योजनाएं यहीं बनाई गई थीं। इन्हें अंजाम देने वाले कई आतंकी यहीं रहते थे। पुरुषों और महिलाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें भड़काने लोग भी यहीं से अपना एजेंडा चलाते थे। उन्होंने आगे कहा कि चुने गए लक्ष्यों में लाहौर से लगभग 40 किमी उत्तर में मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी प्रशिक्षण बेस भी शामिल था। इस बेस ने 26/11 के मुंबई हमलों के पीछे के आतंकवादियों अजमल कसाब और डेविड हेडली को प्रशिक्षित किया था, जिसमें 150 से अधिक लोग मारे गए थे।

**सैन्य प्रतिष्ठान को नहीं बनाया गया निशाना**

*इस प्रेस वार्ता में एक बार फिर जोर दिया गया कि कार्रवाई केंद्रित, नपी-तुली और गैर-बढ़ावा देने वाली रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम दिखाया है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने इस पर खास जोर दिया और उन्होंने कहा कि बीते सालों में लगातार पाकिस्तान में आतंकवाद को पाला गया है।*

## आपरेशन सिंदूर पर किसने क्या, कहा

### आतंकवाद के खिलाफ हम एकजुट हैं



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहलगाम की आतंकी घटना के दिन से ही सेना और सरकार के साथ एकजुटता के साथ है। आपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना पर हम गर्व करते हैं। हम सरकार की निर्णायक कार्रवाई का समर्थन करते हैं।

### सेना पर अत्यंत गर्व : प्रियंका



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''हमारी सेना पर हमें अत्यंत गर्व है। हमारे बहादुर जवान हमारी स्वतंत्रता और अखंडता को सुरक्षित रखते हैं। भगवान उनकी रक्षा करें और उन्हें धैर्य और वीरता से चुनौतियों का सामना करने की अपार हिम्मत दें। जय हिंद।''

### भारतीय सेना के शौर्य को सलाम



भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर किया गया हमला गर्व की बात है। पहलगाम में 26 महिला बहनों के सिंदूर को मिटाने वाले आतंकवादियों का खात्मा कर सेना ने बदला लिया है। पाकिस्तान के भारत में मौजूद 'स्लीपर सेल्स' को खत्म कर आतंकवाद की जड़ से सफाई करना जरूरी है।

### 'पीड़ितों के लिए न्याय की शुरुआत'



आरएसएस ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए न्याय की शुरुआत है। आरएसएस के राष्ट्रीय मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक्स में एक पोस्ट में कहा, 'पहलगाम के पीड़ितों के लिए न्याय की शुरुआत – 'ऑपरेशन सिंदूर', न्याय हुआ। राष्ट्र समर्थन करता है।' उन्होंने कहा, 'जय हिंद।

### 'जवान ऐसे ही बदला लेते रहें'



पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने आपरेशन सिंदूर पर कहा, 'भारत सरकार ने जो कदम उठाया है, वो बिल्कुल सही है। उनके 9 ठिकानों पर कड़ा प्रहार किया गया है, यह सदैव उनके जहन में गूंजता रहेगा।

## 300 से अधिक उड़ानें रद्द, 25 एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में अलर्ट पाक की तरफ से आ सकती है प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली






भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए जाने के बाद लगाए गए प्रतिबंधों के कारण 300 से अधिक उड़ाने रद्द कर दी गई हैं और श्रीनगर समेत कम से कम 25 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। एयर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइन ने विभिन्न हवाई अड्डों के लिए अपनी सेवाएं रद्द कर दी हैं। सूत्रों ने बताया कि देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में कम से कम 25 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इनमें श्रीनगर, लेह, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल हैं। यहां एक सूत्र के अनुसार, एयरलाइन द्वारा विभिन्न हवाई अड्डों से आने-जाने वाली 300 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इंडिगो ने कहा कि उसने हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण 10 मई की सुबह तक अमृतसर और श्रीनगर सहित विभिन्न घरेलू हवाई अड्डों से 165 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं।

### एयर इंडिया की 140 उड़ानें रद्द

सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया समूह - एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस - की लगभग 140 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एयरलाइन ने कहा, 'जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट हवाई अड्डों के बंद होने की विमानन अधिकारियों की अधिसूचना के बाद इन स्टेशन से आने-जाने वाली एयर इंडिया की उड़ानें 10 मई को भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक रद्द की जा रही हैं।'' इंडिगो ने एक बयान में कहा, ''हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों पर सरकारी अधिसूचना के कारण, कई हवाई अड्डों (अमृतसर, बीकानेर, चंडीगढ़, धर्मशाला, ग्वालियर, जम्मू, जोधपुर, किशनगढ़, लेह, राजकोट और श्रीनगर) से 165 से अधिक इंडिगो उड़ानें 10 मई 2025 को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक रद्द कर दी गई हैं।'' इंडिगो प्रतिदिन लगभग 2,200 उड़ानों का परिचालन करती है।

### सोशल मीडिया पर शेयर की जानकारी

वहीं उड़ानों के कैंसिल किए जाने को लेकर अकासा एयर ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर कहा कि क्षेत्र में मौजूदा स्थिति के कारण, श्रीनगर हवाई अड्डे को नागरिक परिचालन के लिए बंद कर दिया गया है। श्रीनगर से हमारी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार एयर ने कहा कि नांदेड़, हिंडन, आदमपुर, किशनगढ़ और भुज के लिए उड़ानें आज के लिए रद्द कर दी गई हैं।

### लोगों से की ये अपील

मौजूदा स्थित को देखते हुई कई एयरपोर्ट बंद होने की वजह से सभी एयरलाइन ने उड़ानें रद्द करने को लेकर जानकारी दी है। लोगों से अपील की गई है कि अगर उनका टिकट है तो परेशान न हो, वो वैकल्पिक उड़ान को चुन सकते हैं या फिर पैसा रिफंड करने का विकल्प भी चुन सकते हैं।




## NEET (UG) 2024: ALLEN Chhattisgarh के साथ, पूरा हुआ Govt. Medical College का सपना




**1041** Students Qualified in NEET (UG) 2024 out of **1326** Appeared Students

and many more...

## ADMISSIONS OPEN AT RAIPUR

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 8th to 12th & 12th Pass

## NEW BATCHES FROM 22 MAY ONWARDS

For test dates & course start dates visit website or nearest center.

SIGN-UP FOR **ASAT** (Scholarship Test)

TEST DATES: **11 & 18 MAY 2025**

GET UP TO **90** % SCHOLARSHIP*

For direct admission — visit your nearest ALLEN center.

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

**ALLEN Raipur Center**
8951395440 allen.ac.in/raipur

**ALLEN Kota Center**
0744-3556677 allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

## चिंतन

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंक पर भारत का करारा प्रहार

भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों के नौ ठिकानों को ध्वस्त करके पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर के जरिये अपना शौर्य दिखाया और पाकिस्तान की सीमा में घुसे बगैर पिन प्वाइंट करके टार्गेट पर सटीक हमला किया। ये हमले पीओके और पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों पर किए गए। इनमें कई आतंकियों की जान भी गई है। भारत ने इस सैन्य ऑपरेशन से आतंकी गुटों और इसके सरपरस्तों को करारा जवाब दिया है कि वे भारत पर हमला करके बच नहीं सकते हैं। नया भारत शांति के पुजारी के साथ-साथ दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने की क्षमता भी रखता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने निहत्थे बेकसूर पर्यटकों के समूह पर धर्म पूछकर हिंदुओं पर हमला किया, जिसमें 26 पर्यटक व एक स्थानीय नागरिक मारे गए। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है। इससे साफ हो गया था कि पहलगाम में टीआरएफ के आतंकी हमले पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों की करतूत है। पाकिस्तान में लश्करे तैयबा, जैश ए मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आधा दर्जन आतंकी गुट पाकिस्तान एटाब्लिशमेंट की सरपरस्ती में भारत में आतंकी हमले में लिप्त है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंक की नस काटने के लिए अनेक कदम उठाए। सिंधु जल संधि को निलंबित किया, चिनाब का पानी रोका, अटारी व वाघा सीमा को बंद किया, पाकिस्तान के नागरिकों को भेजा, पाक उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 30 तक सीमित की, ट्रेड पूरी तरह बंद किया, हवाई क्षेत्र बंद किए, पाक के यूट्यूब चैनल ब्लॉक किए गए। इसके बाद आखिर में सेना ने पाक स्थित आतंकी अड्डों को एयर स्टाइक करके नेस्तनाबूद किया। इस दौरान भारत ने ध्यान रखा है कि पाक के सामान्य नागरिकों, पाक फौज के क्षेत्र और पाक के सरकारी प्रतिष्ठानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। इसके बाद से बौखलाया पाकिस्तान सीमा पार से एलओसी पर लगातार सीज फायर का उल्लंघन कर गोलीबारी कर रहा है, जिसमें करीब 15 भारतीय नागरिक मारे गए हैं, भारत इस गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। देश इस वक्त हाई अलर्ट पर है और पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस के लिए तैयार है। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमेशा जारी रखेगा और आतंक के आकाओं का खात्मा करता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर, सैयदना बिलाल कैंप, कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप, अब्बास कैंप, भिम्बर का बरनाला कैंप, सियालकोट का सरजल कैंप व हिजबुल महमूना जाया कैंप, मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप, बहावलपुर में जैश का हेडक्वार्टर मस्जिद सुभान अल्लाह जैसे अहम आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके दहशतगर्दी के ढांचे की कमर तोड़ी गई है। आतंक के इन्हीं अड्डों से भारत के खिलाफ आतंकवादी कुकृत्यों को अंजाम दिए जाते रहे हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को नष्ट करने और भविष्य में ऐसे किसी हमले को रोकने के लिए 'नपी-तुली, टकराव को न बढ़ाने वाली, संतुलित और जिम्मेदाराना' कार्रवाई की। भारत ने आतंकियों को कड़ा सबक सिखाया है। भारत ने मिसाइल हमले कर बता दिया है कि हमारा दायरा सीमित नहीं है, आतंक के खिलाफ हम कहीं भी कार्रवाई कर सकते हैं।



ऑपरेशन सिंदूर
विकेश कुमार बडोला

> भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। हमले के चलते पाकिस्तान ने अपने लाहौर व सियालकोट दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है।

# आतंक के आकाओं को सिखाया सबक

पहलगाम नरसंहार के बाद भारतवर्ष के समक्ष अपनी लोकतांत्रिक और सर्वोपरि सैन्य अस्मिता की रक्षा करने की चुनौती थी, जो उसने अपनी वायु सेना के अदम्य पराक्रम की सहायता से मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि के बाद एक बजे पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर के नौ ठिकानों पर हवाई हमला करके समाप्त कर दी। जिन क्षेत्रों पर प्रक्षेपास्त्र अस्त्र छोड़े गये हैं वे बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में स्थित हैं। यही वे ठिकाने हैं जहां से भारत पर आतंकी हमलों का षड्यंत्र किया जा रहा था और यहीं से प्रमुख आतंकवादियों द्वारा आतंकी हमलों के आदेश दिये जा रहे थे। हालांकि पाकिस्तान अखबार डॉन के अनुसार इस हमले में 3 लोगों की मौत हुई है और 12 लोग घायल हुए हैं।

दूसरी ओर कल रात के प्रतिशोधपरक हमले के बाद भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। जिन पाकिस्तानी क्षेत्रों पर हमला हुआ है चूंकि वे लाहौर व सियालकोट एयरपोर्ट के समीप हैं अतः पाकिस्तान ने अपने इन दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है।

हमले की प्रतिक्रिया में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि भारत ने पाकिस्तान के पांच स्थानों पर हमला किया है और वे इसका करारा जवाब देंगे। उनके अनुसार उन पर जंग थोपी जा रही है। दोनों देशों के बीच विगत एक पखवाड़े से चली आ रही युद्ध की आशंकाओं के बाद भारत की एयर स्ट्राइक के संबंध में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपने अमेरिकी समकक्ष से भी बात की। इससे पहले शासन ने 6 मई को पाक के साथ भारत के संभावित युद्ध होने की स्थिति में भारत पर शत्रु देश के हमले की स्थिति में सार्वजनिक जनजीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत एक मॉक ड्रिल यानी सुरक्षा संबंधी पूर्वाभ्यास के बारे में भारतभर में जागरुकता संदेश प्रसारित किया है। यह अभ्यास 7 मई को अपराह्न व संध्याकाल में विधिवत ढंग से पूर्ण कर लिया गया है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान तथा उसके आतंकवादियों पर भारतीय जनाक्रोश के बढ़ते रहने के कारण भारत के शासन पर जिस प्रकार शत्रु देश की शरण वाले आतंकवादियों व उनके ठिकानों को खत्म करने का उत्तरदायित्व आ पड़ा था, अंततः शासन ने अपना वह उत्तरदायित्व पूर्ण कर लिया है। इससे पहले एक गणतांत्रिक देश के समीचीन उत्तरदायित्वों का निर्वाह करते हुए भारत ने पहलगाम में अपने नागरिकों की क्रूरतम हत्याओं के बाद दोषी आतंकी गिरोहों की शरणस्थली में परिवर्तित पाकिस्तान को विभिन्न मोर्चों पर दबाने व अपमानित करने के भरसक प्रयास किये। आरंभ में अटारी-वाघा सीमा बंद करने, सिंधु जल समझौता निरस्त करने, समझौते के तहत निर्धारित



पाकिस्तान के हिस्से वाली नदियों के बांधों पर पानी रोकने, पाक राजनयिकों समेत नागरिकों को भारत छोड़ने और पाक से अपने राजनयिकों व नागरिकों को वापस बुलाने, उसके साथ हर तरह का आयात-निर्यात बंद करने, डाक कूरियर और पत्राचार सेवा बंद करने, अपने हवाई क्षेत्र को उसके लिए पूर्णतः बंद करने, वहां के विवादित यूट्यूब चैनलों सहित कई ट्विटर खातों को भारत में प्रतिबंधित करने, सिनेमा खेल इत्यादि अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक संपर्क विच्छेद करने, इत्यादि अनेक ऐसे निर्णय पहलगाम हमले में दिवंगत अपने नागरिकों के गहन प्रतिशोध को इंगित करते हुए प्रतीत हुए थे। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा की स्थायी व अस्थायी परिषदों में पाकिस्तान को आतंक पोषण-संरक्षण की उसकी करतूतों के लिए पूरी तरह उत्तरदायी ठहराने के बाद उस पर इन ऐसी संस्थाओं द्वारा भविष्य में लगाये जा सकने वाले हरसंभव प्रतिबंध के लिए जमीन तैयार करने के लिए भी भारत ने चाकचौबंद पूर्वव्यवस्था कर दी है।

पाकिस्तान की ओर बहने वाली सभी नदियों के बांधों के पानी को रोकने जैसे निर्णय अंततः पाकिस्तान में भयंकर उथल-पुथल मचायेंगे। विगत में 2019 के आसपास भारत ने एफएटीएफ के माध्यम से पाक को उसकी आतंकी करतूतों के लिए ग्रे सूची में डालने में सफलता पाई है, लेकिन एक बार यदि वह ब्लैक लिस्ट हो जाता है, तो दुनिया की किसी भी सार्वजनिक संस्था के माध्यम से उसे कर्ज नहीं मिल सकेगा। जो देश कर्ज के बूते ही किसी तरह अपनी नैया पार लगाने की जुगत में रहा है, उसके लिये यह कार्रवाई पूरी तरह बर्बाद होने की स्थिति ही होगी। फिलहाल पाकिस्तान के साथ चीन, तुर्की और अजरबेजान के अतिरिक्त कोई अन्य देश खड़ा दिखाई नहीं दे रहा। चीन भी केवल और केवल किंचित न्यून अप्रत्यक्ष रूप में इसलिए पाक के साथ खड़े होने का आभास करा रहा है क्योंकि चीन-पाक आर्थिक गलियारे में चीन द्वारा किये गये निवेश के तहत उसकी अनेक महत्वपूर्ण संरचनाएं पाक में स्थित हैं। चीन को केवल उन संरचनाओं की चिंता है ना कि पाकिस्तान के बर्बाद होने की। अर्थ-व्यापार के लिए भारत पर अत्यधिक निर्भर चीन के लिए संभव नहीं होगा कि वह पाकिस्तान के दीर्घकालीन सैन्य हितों अथवा भारत के साथ युद्ध में उलझने वाले पाकिस्तान के प्रत्यक्ष आर्थिक-सामरिक हितों के लिए उसका सीधा साथ दे सके। तुर्की भी कहीं न कहीं अपने किसी हित के लिए पाकिस्तान के समर्थन में कूदा हुआ है, जो अंततः पाक को पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ा हुआ ही दिखाता है। इसके विपरीत भारत की बढ़ती आर्थिक हैसियत और लगभग हर क्षेत्र में एक गहन उत्तरदायी गणतांत्रिक देश के रूप में प्रतिबिंबित भारतीय छवि के आकर्षण में बंधकर आज रूस, अमेरिका, जापान, फ्रांस बहुत हद तक भारत के साथ हैं।

जर्मनी, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कोरिया, कनाडा, इत्यादि देश भी भारत की बढ़ते अर्थप्रभुत्व के कारण भारत के साथ ही हैं। फ्रांस के साथ तो पहलगाम नरसंहार के बाद भारत-पाक के मध्य उभरी युद्धक आशंकाओं के आलोक में भारत ने राफेल विमान खरीदने की 63000 करोड़ की डील को अंतिम रूप भी दे दिया है। रूस से भी भारत को एक मिसाइल प्रौद्योगिकी मिल चुकी है, जो शीघ्र ही भारतीय सैन्य बेड़े में सम्मिलित होगी। रूस के राष्ट्रपति पहलगाम हमले के बाद स्पष्ट रूप में वक्तव्य दे चुके हैं कि वे हर हालत में भारत के साथ हैं। जापान के रक्षा मंत्री ने भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ नई दिल्ली में प्रत्यक्ष भेंटवार्ता करते हुए स्पष्ट किया है कि उनका देश भारतीय हितों के साथ खड़ा है। इन परिस्थितियों में साफ-साफ दिखाई देता है कि पाकिस्तान के साथ चाहे सैन्य युद्ध की परिस्थितियां निर्मित हों चाहे कोई अन्य तरह का तनाव, भारत का पलड़ा बहुत भारी है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
विनोद पाठक



# पाक सेना की पकड़ से छूट रहा पाकिस्तान!

नौ मई 2023 का दिन पाकिस्तानी सेना कभी भूलेगी नहीं, उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने पाकिस्तान में उस भ्रम को तोड़ दिया था कि वहां सेना को कोई चुनौती नहीं दे सकता। इमरान समर्थकों ने न केवल 20 से ज्यादा सैन्य और सरकारी भवनों पर हमला किया था, बल्कि रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय में घुसकर तोड़-फोड़ की थी। तब एक तरह से पाकिस्तान की जनता का विश्वास अपनी सेना से उठ गया था। पाकिस्तानी सेना की इज्जत मिट्टी में मिल गई थी। ठीक दो साल बाद 6-7 मई की मध्यरात्रि को भी पाकिस्तान सेना भूलेगी नहीं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के ठीक दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान सेना के चेहरे से एक और नकाब उतार दिया है। यह स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान सेना की और दुर्गति देखने को मिलेगी। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में नागरिक सरकार सिर्फ एक मुखौटा भर है। पाकिस्तान सेना ही देश को चलाती है। अपनी झूठी प्रतिष्ठा को बचाए रखने के लिए पाकिस्तान सेना केवल और केवल प्रोपेगेंडा का सहारा लेती है। 1965 के भारत-पाक युद्ध, जिसमें पाकिस्तान सेना की करारी हार हुई थी, में वो खुद को विजेता घोषित बताती आ रही है। हर वर्ष 6 सितंबर को 'रक्षा दिवस' या 'यौम-ए-दिफा' मनाती आ रही है, जबकि 1965 में तथाकथित मजबूत पाकिस्तान सेना की पोल 1971 में तब खुल गई थी, जब भारतीय सेना ने न केवल उसे पटखनी दी, बल्कि पाकिस्तान के दो टुकड़े भी करा दिए थे। 1971 भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान सेना के जनरल जिया-उल-हक ने मार्शल लॉ लगाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। साढ़े चार दशक से पाकिस्तान की जनता अपनी सेना के झूठ को सच मानकर झूम रही थी, लेकिन अब लग रहा है कि जनता का मन सेना से भर गया है। बलूचिस्तान हो या खैबर पख्तूनख्वा या पाक अधिकृत कश्मीर, हर तरफ से पाकिस्तान सेना के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में सेना पर लगातार हमले हो रहे हैं। पाकिस्तानी सैनिक मारे जा रहे हैं। विद्रोह को दबाने के लिए पाकिस्तान सेना ने जुल्म की इंतहां की हुई है। जो कोई पाकिस्तान सेना के खिलाफ कुछ बोलता है, या तो वो जेल में होता है या देश छोड़कर उसे भागने पर विवश होना पड़ता है। पाकिस्तान सेना के कुछ और झूठों पर नजर डालते हैं। 2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना की स्ट्राइक को पाकिस्तान सेना ने सिरे से नकार दिया था, जबकि उसे नुकसान हुआ था। 2019 में पुलवामा के बाद जब भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की तो पाकिस्तान सेना ने उसे बिना किसी नुकसान वाला बता डाला था, जबकि बालाकोट में जिस आतंकी ठिकाने पर भारतीय वायुसेना ने मिसाइल गिराई थीं, वहां चार महीने मीडिया को जाने नहीं दिया गया था। भारतीय एयर स्ट्राइक के अगले दिन पाकिस्तान वायुसेना ने जवाबी हमला किया था, जिसमें भारतीय वायुसेवा के पायलट अभिनंदन पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू जहाज का पीछा करते हुए एलओसी पार कर गए थे और उनके मिग-21 बाइसन ने एफ-16 को मिसाइल से शूट कर दिया था। हालांकि, अभिनंदन का विमान भी मिसाइल लगने से क्रैश हो गया था। पाकिस्तान सेना की सोशल मीडिया टीम यह भ्रम फैलाकर अपनी जनता को उल्लू बना रही है कि उसने भारतीय वायुसेवा के लड़ाकू जहाजों को गिराया है, जबकि भारत सरकार और सेना यह साफ कर चुकी है कि सभी पायलट सुरक्षित हैं। कोई जहाज नष्ट नहीं हुआ है। दरअसल, दुनिया में एक मजाक चलता है कि सभी देशों को फौज मिली है, लेकिन पाकिस्तान में फौज को एक देश मिला है। अपने फायदे के लिए पाकिस्तान सेना शुरू से वहां आतंक को पालती आ रही है। पाकिस्तान सेना के जनरलों ने अरबों अमेरिकी डॉलर आतंकवाद के नाम पर डकारे हैं। अब पाकिस्तान सेना का बुरा समय शुरू हो गया है। जिस आतंकवाद रूपी जहरीले सांप को उसने पाला था, वही उसे डस रहा है। पाकिस्तान सेना के खिलाफ देश के भीतर से आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा से बगावत के सुर बुलंद हो चले हैं। पाकिस्तान सेना को वहां के लोग ही उसका असली चेहरा दिखा रहे हैं। भारत के लिए यह सुनहरा अवसर है। भारत को चाहिए कि वो पाकिस्तान सेना की कमर तोड़ दे। ऑपरेशन सिंदूर तक न रुके। जैसा कुछ पूर्व भारतीय जनरल कह रहे हैं कि यह ऑपरेशन सिंदूर का फेस वन है। आवश्यकता पाकिस्तान सेना को हर तरीके से नुकसान पहुंचाने और बेनकाब करने की है। आतंकी पाकिस्तान सेना का फन कुचलने तक भारत को रुकना नहीं चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सिद्धार्थ से बुद्धत्व तक की यात्रा



संकलित
**दर्शन**

जन्म, संबोधि और निर्वाण- बुद्ध के जीवन की ये तीन महत्वपूर्ण घटनाएं वैशाख पूर्णिमा के दिन हुईं। यह सिद्धार्थ के बुद्धत्व तक की यात्रा है, जिसमें उन्होंने जन-कल्याण के लिए महानिर्वाण को भी त्याग दिया। बुद्ध का हृदय करुणाशील था, जैसे उनके हृदय में करुणा का सागर हिलोरें ले रहा हो। यह करुणा ही उनके सूत्रों को मानवता के कल्याण का प्रेरक बनाती है। उनका उद्देश्य केवल बाहरी दुनिया को बदलना नहीं था, बल्कि अंदर की स्थिति को बाहरी जगत से एकीकृत करना था। बुद्ध का एक प्रसिद्ध धम्मसूत्र है- मनुष्य का जीवित रहना भी दुर्लभ है, सद्धर्म का श्रवण करना भी दुर्लभ है और बुद्धों का उत्पन्न होना भी दुर्लभ है। मनुष्य होना इतना आसान नहीं है, इतना सरल नहीं है। हालांकि हमें यही लगता है कि डेढ़ अरब से अधिक जनसंख्या अकेले भारत की ही है। इसका मतलब मानव जन्म सुलभ है, तभी तो सब पैदा हो गए। पर बुद्ध ने कुछ सोच-समझकर ही ऐसा कहा होगा क्योंकि बुद्ध ऐसे व्यक्ति हैं, जो सिर्फ बोलने के लिए कोई बात नहीं बोलते, बल्कि विज्ञान, तर्क, बुद्धि, विवेक आदि का उपयोग करने के बाद ही मुख से वचन निकालते हैं। उनके कहने का अभिप्राय यह है कि सिर्फ मनुष्य का शरीर पाया तो क्या पाया, अगर मनुष्यता नहीं पाई तो मनुष्य कहां से हुआ! मनुष्य शरीर कीमती है, निश्चित ही कीमती है, लेकिन मनुष्य का शरीर मिल गया, अब और कुछ नहीं चाहिए; ऐसा नहीं है। जैसे गुलाब का बीज तुम्हारे हाथ में हो, लेकिन उस बीज को जब तक तुम धरती में नहीं डालो और वह पौधा न बने, उसमें फूल न लगें, तब तक आप उस बीज से निकलने वाले फूलों की खुशबू नहीं ले सकते।

# दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी से बचें



संकलित
**प्रेरणा**

चाणक्य का मानना था कि जीवन में बहुत से लोग होते हैं, जिनका साथ हमारे लिए हानिकारक हो सकता है। विशेष रूप से दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी लोग हमारी मानसिक शांति को भंग कर सकते हैं। आचार्य चाणक्य ने अपनी नीति में दुष्ट लोगों से बचने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया है और इसके लिए उन्होंने सांप की तुलना का प्रयोग किया है। दुष्ट व्यक्ति और सांप की तुलना की जाए तो सांप बेहतर है, क्योंकि सांप एक बार डसता है, जबकि दुष्ट व्यक्ति हर कदम पर धोखा देता है। चाणक्य का मानना था कि दुष्ट व्यक्ति को पहचानना बहुत जरूरी है क्योंकि वह हमें बार-बार नुकसान पहुंचाता है। वे केवल एक बार नहीं, बल्कि हर समय हमें धोखा देने की कोशिश करते हैं। इसके विपरीत, सांप अपनी रक्षा के लिए डसता है, इसलिए हमें सांप से ज्यादा डरने की आवश्यकता नहीं है। चाणक्य का यह संदेश है कि हमें दुष्ट लोगों से हर हाल में बचना चाहिए क्योंकि उनका साथ हमारे जीवन को नष्ट कर सकता है। चाणक्य नीति में कहा गया है कि दुष्ट राजा, मित्र या शिष्य से हमें दूर रहना चाहिए, क्योंकि ये हमारे जीवन की सुख-शांति को भंग कर सकते हैं। एक दुष्ट राजा की तुलना में प्रजा कभी सुखी नहीं रह सकती। इसी तरह, एक दुष्ट मित्र या शिष्य से हमें बहुत कम लाभ मिलेगा। चाणक्य ने मूर्खों, निर्धन लोगों और वेश्याओं से भी दूरी बनाने की सलाह दी है, क्योंकि ये लोग हमेशा किसी न किसी प्रकार से हमारी प्रगति में रुकावट डाल सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा, गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए। *-विनय कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### मुक्त व्यापार समझौता



ब्रिटेन के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करके, भारत ने एक मील का पत्थर स्थापित किया है। यह व्यापक भलाई के लिए वैश्विक सहयोग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर अडिग है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना



आईटीआई उन्नयन के लिए राष्ट्रीय योजना और भुवनेश्वर सहित पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना को मंजूरी, कुल 60,000 करोड़ रुपये के परिव्यय से कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को गति मिलेगी।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### आतंकवाद को समाप्त करना होगा



आतंकवाद मानवता के खिलाफ है और इसे पूरी तरह से समाप्त करना ही होगा। जो लोग संवाद और बातचीत से नहीं समझते, उन्हें उनके दुष्कर्मों की सजा मिलनी ही चाहिए और उनको सबक सिखाना आवश्यक है।
- श्रीश्री रविशंकर

### योद्धाओं को सलाम



पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर योद्धाओं को गर्व के साथ सलाम। अपनी बहादुरी और सटीकता के साथ उन्होंने एक बार फिर दिखा दिया है कि हमारा देश अपनी रक्षा दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ करेगा।
-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

## करंट अफेयर

# सोमनाथ मंदिर के लिए पाक से लाया गया था सिंधु का जल



आजादी के बमुश्किल चार साल बाद प्राचीन सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार से जुड़े एक अनुष्ठान के लिए पाकिस्तान से सिंधु नदी का जल मांगा गया था और वहां तैनात तत्कालीन भारतीय राजनयिक ने नयी दिल्ली को सूचित किया था कि पाकिस्तान सरकार इस पर कोई आपत्ति नहीं करेगी। अभिलेखीय दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। ये दस्तावेज भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के पास हैं। एक प्रमुख भारतीय राष्ट्रीय दैनिक में हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 1951 में तत्कालीन रियासत के प्रमुख ने अनुष्ठान के लिए पाकिस्तान के सिंधु नदी से कुछ जल मंगाने के लिए भारतीय अधिकारियों को अनुरोध भेजा था। यह मंदिर से संबंधित समारोह के लिए विभिन्न स्थानों से जल और मिट्टी एकत्र करने के प्रयासों का हिस्सा था। यह घटना सिंधु जल संधि से नौ साल पहले की है, जिस पर भारत और पाकिस्तान के बीच सितंबर 1960 में कराची में हस्ताक्षर किए गए थे। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद नयी दिल्ली ने इस समझौते को निलंबित कर दिया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। दिल्ली स्थित भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) भारत सरकार के पुराने अभिलेखों का संरक्षक है तथा प्रशासकों और शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए उन्हें रखता है।

## ऑफ बीट

# अंतरिक्ष यात्री शुक्ला को मिलेगा भारतीय भोजन



भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस महीने के अंत में प्रक्षेपित होने वाले एक्सिओम मिशन 4 के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के चावल, मूंग दाल के हलवे और आम के रस का स्वाद ले सकेंगे। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 दिन बिताएंगे। उनके पास नासा द्वारा मिशन के लिए अनुमोदित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों में से चुनने का विकल्प भी होगा। इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चावल के व्यंजन, मूंग दाल का हलवा और आम का रस सहित अन्य व्यंजन विकसित किए हैं। इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक डी.के. सिंह ने कहा, 'शुक्ला जी को 'घर का खाना' मिलेगा और उनके पास नासा द्वारा अनुमोदित अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों में से चुनने का विकल्प भी होगा। उन्होंने कहा कि इसरो और डीआरडीओ ने गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खाद्य पदार्थ विकसित किए हैं और नासा की मंजूरी से इन्हें शुक्ला को उपलब्ध कराया जा रहा है। एक्सिओम स्पेस ने पिछले महीने एक्सिओम मिशन 4 के चालक दल के सदस्यों का एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वे आईएसएस के लिए उपलब्ध विभिन्न खाद्य विकल्पों का स्वाद लेते नजर आ रहे थे।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



डॉक्टर सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब रात में न आए नींद



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मुझे रात को गहरी नींद नहीं आती है, जिसकी वजह से पूरे दिन सुस्ती और आलस छाया रहता है। सिर में भी हल्का-हल्का दर्द होता रहता है। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे मैं रात को गहरी नींद सो सकूं।**

**-विकास, रायपुर**

यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, इस बात पर गौर करें। इस दौरान ऐसा क्या हुआ है, जो बात या घटना आपके दिमाग में बार-बार घूम रही है। कई बार ऐसी कोई घटना हो जाती है, जो लगातार मन में आती रहती है और नींद डिस्टर्ब होती है। कोई समस्या है तो आप उसका समाधान खोजें, न कि नींद की दवा लें। अगर कोई कारण आपको समझ मे नहीं आ रहा है तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। नींद की दवा लेने से आपको बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरे हाथ-पैर की त्वचा पर काले दाग-धब्बे दिख रहे हैं। ऐसा किस वजह से हो सकता है? कृपया बताएं कि ऐसा क्यों है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-प्रतीश, दुर्ग**

आप ध्यान दें कि ये स्पॉट केवल हाथ-पैर में हो रहे हैं या पूरे शरीर में? क्योंकि अगर पूरे शरीर में हो रहे हैं तो इसका कारण इंफेक्शन भी हो सकता है। लेकिन अगर केवल हाथ-पैर में हो रहे हैं तो आप इस बात पर गौर करें कि क्या कुछ दबाव पड़ने पर या चोट लगने से हो रहा है या बगैर किसी कारण के हो रहा है? हालांकि बगैर देखे कुछ भी कहना मुश्किल है। अगर ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो आप एंटी एलर्जी दवा ले सकते हैं लेकिन एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क जरूर करें, वे चेकअप के बाद उनका प्रॉपर ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। छह महीने पहले मेरे पैर में फ्रैक्चर हुआ था। फिजियोथेरेपिस्ट की मदद से कुछ हफ्तों तक एक्सरसाइज भी किया था। अब भी वहां पर दर्द होता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रीतपाल, महेंद्रगढ़**

क्या फ्रैक्चर वाले स्थान पर फिर से चोट लगी थी? कई बार चोट लगने की वजह से दर्द शुरू हो जाता है। अगर ऐसा है तो आपको थोड़ा बचाव करना चाहिए। अगर इसके बाद भी दर्द नहीं जाता है तो जरूर दोबारा आपको एक्सरे करा लेना चाहिए। कई बार हड्डी ठीक से ना जुड़ने की वजह से भी इस तरह की समस्या देखी जाती है। फिलहाल दर्द वाले स्थान पर गर्म पानी से सिकाई करें।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मेरी आवाज अकसर बैठ जाती है। गले में खराश और दर्द भी रहता है। गर्म पानी, काढ़ा पीने से थोड़ी राहत तो मिलती है, लेकिन ये सब छोड़ते ही प्रॉब्लम फिर से बढ़ जाती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई परमानेंट सॉल्यूशन बताएं।**

**-कमल, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको टांसलाईटिस की समस्या है। सबसे पहले आप फ्रिज में रखी ठंडी और खट्टी चीजें खाना बंद कर दें। बाजार का दही और छाछ भी नहीं खाना है। ठंडा पानी भी पीना बंद करें। इसके अलावा सुबह उठकर और रात में सोने से पहले नमक वाले पानी से गरारा करें। इस तरह आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं और वहां की स्किन भी सूजी हुई लगती है। कृपया इन समस्याओं को दूर करने का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-रजत, बिलासपुर**

आंखों के नीचे डार्क सर्कल कई बार शरीर में खून की कमी की वजह से होते हैं। इसके लिए सबसे पहले आप शरीर में खून की जांच यानी एचबी की जांच कराएं। अगर एचबी नॉर्मल है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। फिजिकल एग्जामिनेशन के बाद ही कारण बताया जा सकता है। जिसके बाद उसका ट्रीटमेंट शुरू होगा। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए आप कोई भी मेडिसिन ना खाएं। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल
sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

ओल्ड एज में अनेक शारीरिक समस्याओं के साथ ही मसल्स लॉस होना भी एक कॉमन प्रॉब्लम है। इस वजह से बुजुर्ग व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन अगर डाइट का ध्यान रखा जाए और यहां बताए जा रहे प्रोटीन-मिनरल्स युक्त फूड्स को डाइट में शामिल किया जाए तो काफी राहत मिल सकती है।

## बढ़ती उम्र में मसल्स लॉस
# रेग्युलर लें न्यूट्रिशस डाइट

डाइट एडवाइस

डॉ. चेतना बंसल
क्लीनिकल न्यूट्रीशनिस्ट, नई दिल्ली

उम्र बढ़ने के साथ मसल्स कमजोर होना कॉमन समस्या है। आमतौर पर जिसका कोई लक्षण नजर नहीं आता, व्यक्ति को इसका अहसास तब होता है, जब उसका कुर्सी से उठना भी मुश्किल हो जाता है। असल में प्रोटीन, मिनरल्स जैसे पोषक तत्वों की कमी के कारण 60 साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते व्यक्ति के शरीर की मसल्स का आकार छोटा यानी तकरीबन 33 प्रतिशत कम हो जाता है। मेडिकल भाषा में इसे सार्कोपीनिया कहते हैं, जिससे खान-पान का ध्यान रख कर बचा जा सकता है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में हुई एक रिसर्च से पता चला है कि कुछ खाद्य पदार्थों में ऐसे प्रोटीन-रिच कंपाउंड या पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो मसल्स का आकार छोटा होने की समस्या को रिवर्स कर सकते हैं।

**ग्रीक योगर्टः** ग्रीक योगर्ट में नॉर्मल दही से दोगुना हाई क्वालिटी प्रोटीन (170 ग्राम योगर्ट में 15 से 20 ग्राम) होता है, जो सीनियर सिटीजन की मांसपेशियों की मेंटेनेंस के लिए जरूरी होता है। खासकर इसमें मौजूद कैसीन, धीरे-धीरे डाइजेस्ट होता है और कई घंटों तक आपकी मांसपेशियों के लिए अमीनो एसिड रिलीज करता रहता है। एक्सपर्ट्स इसे शाम के समय या रात को सोने से एक घंटा पहले खाना बेस्ट मानते हैं। चूंकि रात के समय खाली पेट होने की वजह से शरीर में मसल ब्रेकडाउन काफी तेजी से होता है। ग्रीक योगर्ट खाकर सोने से मांसपेशियों को लगातार अमीनो एसिड मिलता रहता है, जिससे मसल ब्रेकडाउन में कमी आती है।



ग्रीक योगर्ट में कैल्शियम, विटामिन डी और फॉस्फोरस भी भरपूर मात्रा में होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने और मांसपेशियों को सुचारु रूप से कार्य करने के लिए जरूरी हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद प्रोबायोटिक्स, गट हेल्थ को सुधारते हैं, जो शरीर में पोषक तत्वों का अवशोषण बढ़ाने और इंफ्लेमेशन कम करने में सहायक हैं। इससे मसल हेल्थ मेंटेन करने में मदद मिलती है। हफ्ते में तीन से चार बार 170 ग्राम ग्रीक योगर्ट का सेवन करना चाहिए।

**फैटी फिशः** बढ़ती उम्र में मसल ब्रेकडाउन में इंफ्लेमेशन मेन फैक्टर है। फैटी फिश में मौजूद ईपीए और डीएचए फैटी एसिड इस इंफ्लेमेशन को कम करने में मदद करते हैं। 112 ग्राम फिश में 20 ग्राम कंप्लीट प्रोटीन और विटामिन डी काफी मात्रा में होता है। ये पोषक तत्व उम्र बढ़ने के साथ होने वाले मसल लॉस की रिपेयर करने, रिजनरेट और ग्रोथ करने में मदद करते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रिशन में पब्लिश रिसर्च के अनुसार सप्ताह में दो बार फैटी फिश खाने वाले बुजुर्गों का मसल लॉस कम होता है।

**दालें और बींसः** एक कटोरी पकी हुई दालों और बींस में 15 ग्राम प्रोटीन होता है। इनके अंदर एक खास तरह की स्टार्च होती है, जो गट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाती है। ये बैक्टीरिया मसल्स लॉस करने वाली इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।



शरीर में ब्लड शुगर लेवल ज्यादा हो तो उसे कंट्रोल करने के लिए पैंक्रियाज को अधिक मात्रा में इंसुलिन रिलीज करना पड़ता है। लेकिन इंसुलिन स्पाइक्स से मसल्स लॉस की संभावना रहती है। दालों में मौजूद फाइबर ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है और इंसुलिन स्पाइक्स नहीं होने देता। बींस में मौजूद पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन जैसे मिनरल्स भी होते हैं, जिनकी कमी होने पर मसल्स में ऑक्सीजन सप्लाई ठीक तरह से नहीं हो पाती और मसल्स लॉस का खतरा रहता है। अमेरिका की टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के ह्यूमन न्यूट्रीशियन रिसर्च सेंटर ऑन एजिंग के अनुसार, हफ्ते में चार बार बींस और लेग्यूम्स का सेवन करने से मसल्स का आकार सही बनाए रखने में मदद मिलती है।

**ऑलिव ऑयलः** इसमें मौजूद ओलियोकैंथल कंपाउंड इबोप्रोफिन दवाई की तरह काम करता है। यूनिवर्सिटी ऑफ लजियाना में हुई एक रिसर्च के अनुसार ओलियोकैंथल कंपाउंड मसल्स में मौजूद प्रोटीन को तोड़ने और मसल्स को नुकसान पहुंचाने वाले एंजाइम को बढ़ने से रोकता है। ऑलिव ऑयल में मौजूद मोनो अनसेचुरेटेड फैट टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाती है, जिसकी कमी से मसल्स ब्रेकडाउन होता है और मसल्स का साइज छोटा होने लगता है। एक अध्ययन के हिसाब से हर रोज कम से कम 2 चम्मच ऑलिव ऑयल का सेवन करते हैं, उनकी मसल्स ज्यादा ताकतवर होती हैं।

**नट्स-सीड्सः** इनमें प्रोटीन, हेल्दी फैट और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो मसल्स के डेवलपमेंट और स्ट्रेंथ में सहायक होते हैं। प्रोटीन और मैग्नीशियम से भरपूर बादाम, मसल्स का आकार छोटा होने से रोकने में मदद करता है। मसल्स के आकार को छोटा करने वाले फैक्टर्स, इंफ्लेमेशन को अखरोट में मौजूद अल्फा लिनोलिनिक एसिड दूर करता है। उम्र बढ़ने के साथ टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन की कमी हो जाती है, जिससे मांसपेशियों का आकार छोटा होने लगता है। कद्दू के बीज में मौजूद जिंक टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन के निर्माण प्रक्रिया को बढ़ाता है। अमेरिका की टफ्ट्स यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च के अनुसार जिन सीनियर सिटीजंस के खून में विटामिन ई का लेवल ज्यादा होता है, उनमें मसल लॉस कम होता है। लिहाजा उम्र बढ़ने पर होने वाले मसल लॉस को रोकने के लिए दिन में एक मुट्ठी मिक्स नट्स और सीड्स जरूर खाने चाहिए।



**अंडेः** एक बड़े आकार के अंडे में 6 ग्राम प्रोटीन, विटामिन डी और कोलाइन, ल्यूसिन जैसे अमीनो एसिड होते हैं, जो प्रोटीन सिंथेसिस को स्टीमुलेट करने का काम करते हैं। यानी, उम्र बढ़ने के साथ मसल्स में होने वाली प्रोटीन की कमी को दूर कर मसल्स को मजबूती प्रदान करते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय अर्बानाशैंपेन की रिसर्च के अनुसार उम्रदराज व्यक्ति अगर अंडे के सफेद भाग के बजाय साबुत अंडा खाते हैं, तो उनकी मसल्स ग्रोथ 40 प्रतिशत बढ़ जाती है। साथ ही उनका कोलेस्ट्रॉल लेवल मेंटेन रहता है और दिल की बीमारी होने का खतरा कम होता है।



**बेरीजः** उम्र बढ़ने के साथ शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस ज्यादा हो जाता है, जो मसल्स ब्रेकडाउन को बढ़ा देता है और मसल्स-रिकवरी को स्लो कर देता है। स्ट्रॉबेरीज, मेलबेरीज, शहतूत जैसी बैरीज में मौजूद पॉलीफिनोल्स ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पैदा करने वाले फ्री-रेडिकल्स को खत्म कर देते हैं। एक रिसर्च के मुताबिक बेरीज खाने से मसल्स की रिकवरी जल्दी होती है और वे मजबूत होते हैं।

**व्हे-प्रोटीनः** दूध का कंसंट्रेटेड फॉर्म ही व्हे-प्रोटीन कहलाता है। इसमें किसी भी नेचुरल फूड के मुकाबले ज्यादा ल्यूसिन अमीनो एसिड ज्यादा होता है। जो मसल्स में प्रोटीन के इस्तेमाल को बढ़ाता है। यह शरीर में बहुत तेजी से अवशोषित हो जाता है। मसल्स ग्रोथ दुबारा शुरू हो जाती है। जर्नल ऑफ अमेरिकन मेडिकल डायरेक्टर्स एसोसिएशन की एक रिसर्च के अनुसार प्रोटीन-रिच खाद्य पदार्थों की अपेक्षा व्हे-प्रोटीन के सेवन से मसल्स 40 प्रतिशत अधिक हेल्दी होते हैं। व्हे-प्रोटीन में बायो एक्टिव पेप्टाइड होते हैं, जो मसल्स में ब्लड फ्लो को बढ़ाते हैं, इंसुलिन सेंसिटिविटी को इंप्रूव करते हैं और इंफ्लेमेशन कम करते हैं। व्हे-प्रोटीन में मौजूद सिस्टीन शरीर में जाकर ग्लटाथायोन एंटीऑक्सीडेंट बनाता है, जो उम्र बढ़ने पर मसल्स को होने वाले नुकसान से बचाता है। यहां बताए गए किसी भी प्रोटीन रिच फूड आइटम का सेवन करने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा



### हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियों में नाइट्रेट काफी मात्रा में मिलता है, जिसे हमारा शरीर नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है। यह नाइट्रिक ऑक्साइड एक ऐसा कंपाउंड है, जो मसल्स में ब्लड फ्लो को बढ़ा देता है, जिससे मसल्स को न्यूट्रिएंट्स ज्यादा मात्रा में मिलते हैं। अध्ययनों से साबित हुआ है कि नाइट्रेट खाने से बड़े बुजुर्गों की मांसपेशियां ज्यादा अच्छे ढंग से काम करती हैं। अगर ब्लड फ्लो कम हो जाए तो मांसपेशियों की परफॉर्मेंस कम हो जाती है और मांसपेशियों की रिकवरी जल्दी नहीं होती।

हरी पत्तेदार सब्जियों में कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम होता है। इनकी जरूरत मांसपेशियों के संकुचन के लिए होती है। एक कटोरी पकी हुई पालक में दिन की जरूरत का 40 प्रतिशत मैग्नीशियम होता है। इन मिनरल्स की अगर बॉडी में कमी हो जाए तो इससे मसल क्रैंप्स पड़ने लगते हैं, मसल्स कमजोर हो जाते हैं और आकार छोटा होने लगता है। 2015 में जर्नल्स ऑफ जेरेंटोलॉजी में एक स्टडी से पता चला कि जो सीनियर सिटीजन विटामिन-के ज्यादा खाते हैं, उनमें उम्र बढ़ने पर मसल लॉस कम होता है।

सजेशन / राजकुमार 'दिनकर'

## सुपर ड्रिंक है नारियल पानी



हालांकि नारियल पानी कभी भी पीना फायदेमंद होता है, लेकिन चिलचिलाती गर्मियों में सुबह-सुबह पीया गया एक ग्लास नारियल पानी, हमें न केवल दिनभर हाइड्रेट रखता है बल्कि एनर्जी से भी लबालब रखता है। इसीलिए इसे सेहत का सुपर ड्रिंक कहते हैं। नारियल एक ऐसा नेचुरल ड्रिंक है, जिसमें स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद करीब-करीब सभी जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं।

**मिनरल्स का खजानाः** नारियल पानी में कई विटामिंस, खनिज और इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे पोटैशियम, सोडियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम होते हैं, जो गर्मी में पसीने से खोए मिनरल्स को पूरा करते हैं।

**डिहाइड्रेशन से राहतः** नॉर्मल पानी के मुकाबले यह ज्यादा तेजी से हमारे शरीर को हाइड्रेट करता है। नारियल पानी हमें थकावट, चक्कर आने और लू लगने से बचाता है। यह लो कैलोरी और नो फैट ड्रिंक है यानी इसके पीने के बाद वजन नहीं बढ़ता। एक ग्लास नारियल पानी में सिर्फ 40-50 कैलोरी ही होती है।

**पेट के लिए अच्छाः** चिलचिलाती गर्मियों में नारियल पानी पेट के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह न सिर्फ शरीर को तुरंत ठंडक देता है, बल्कि पेट से जुड़ी कई तरह की समस्याओं में भी तुरंत राहत दिलाता है। मसलन पेट की जलन, अपच और एसिडिटी में इन दिनों नारियल पानी रामबाण है। दस्त या उल्टी के बाद कमजोरी से लड़ने में भी मदद करता है।

यह अधिकतर लोगों को सूट करता है। हालांकि यदि आप किडनी के मरीज हैं तो बिना डॉक्टर की सलाह के इसे न पीएं। इसी तरह यूं तो डायबिटिक पेशेंट्स को ताजा नारियल पानी ठीक रहता है, लेकिन सीमित मात्रा में। गर्मियों में सुबह खाली पेट नारियल पानी पीना सबसे ज्यादा फायदेमंद है। तेज धूप से कहीं लौटने के बाद के बाद यदि थकान और कमजोरी महसूस हो रही हो, उस समय भी नारियल पानी पीना बहुत फायदेमंद है। यदि हल्का सिरदर्द या थकान महसूस हो रही है, उस समय भी नारियल पानी पीना फायदेमंद है। भोजन के बाद नारियल पानी पीना हो तो कम से कम 1 घंटे का अंतराल रखें। *

अवेयरनेस

सृजन अरोड़ा

वैसे तो बच्चे को अपने मां-पिता से बहुत सारे गुण मिलते ही हैं, लेकिन वैज्ञानिक शोधों से ज्ञात हुआ है कि बच्चे में बहुत सारे हेल्थ इश्यूज, उसे अपनी मां से मिलते हैं। इस बारे में सभी पैरेंट्स जानना चाहेंगे।

## मां से बच्चे में ट्रांसफर होते हैं कई हेल्थ इश्यूज



बच्चे की सूरत का अपनी मां के समान होना, सामान्य माना जाता है। वास्तव में बच्चे की शक्ल-सूरत ही नहीं, सीरत और उसकी सेहत कैसी होगी, इसमें भी मां की भूमिका अहम होती है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि मां की हेल्थ अगर अच्छी रहेगी, वह अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखे तो उसके बच्चे भी कई बीमारियों से बचे रहेंगे।

**माइटोकांड्रियल डीएनएः** शरीर की हर कोशिका में माइटोकांड्रिया होता है। किसी भी उम्र में व्यक्ति माइटोकांड्रियल डीएनए संबंधी बीमारियों का शिकार हो सकता है। मांसपेशियों की कमजोरी, तंत्रिका संबंधी समस्याएं, दृष्टि और सुनने में कमी तथा लैक्टिक एसिडोसिस मेटाबॉलिक डिसऑर्डर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनका स्थाई इलाज न होने की वजह से केवल इनके लक्षणों को नियंत्रित कर जटिलताओं से बच सकते हैं।

**आंखों से जुड़ी बीमारियांः** कई नेत्र रोग जैसे पैथोलॉजिकल मायोपिया (गंभीर निकट दृष्टि दोष) के जीन मां से विरासत में मिलते हैं। इसमें आंखों की संरचना में बदलाव आते रहते हैं। जिससे पर्मानेंट विजन लॉस होने की आशंका भी रहती है।

**बुद्धिमत्ताः** माना जाता है कि बुद्धिमत्ता परिवार में चलती है। लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार ऐसा मां के जीन के कारण होता है क्योंकि बुद्धिमत्ता से जुड़े जीन X क्रोमोसोम में पाए जाते हैं। चूंकि महिलाओं में दो X क्रोमोसोम होते हैं, इसलिए अधिकांश बच्चों की मानसिक बुद्धिमत्ता और सोचने-समझने का तरीका मां से मिलता-जुलता होता है।

**स्लीप-पैटर्नः** बच्चे की नींद संबंधी आदतें तय होने में आनुवांशिक जीन का योगदान होता है। अध्ययनों के अनुसार बच्चों में अनिद्रा के 31 से 58 प्रतिशत मामले मां से विरासत में मिलते हैं।

**एजिंग प्रोसेसः** मां से मिलने वाला माइटोकांड्रियल डीएनए, बच्चे में भी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को प्रभावित करता है। डीएनए में होने वाले म्यूटेशन से कोशिकीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता में कमी और ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ सकता है। यानी, शरीर में हानिकारक फ्री-रेडिकल्स जमा होने लगते हैं। यह धीरे-धीरे कोशिकाओं की कार्यक्षमता को घटाता है, जिससे बुढ़ापा जल्दी आने लगता है। अगर मां के माइटोकांड्रियल डीएनए में पहले से कुछ दोष या म्यूटेशन हैं, तो वही दोष बच्चे को भी मिलते हैं, जिससे उम्र बढ़ने की प्रक्रिया तेज हो सकती है।

**एडीएचडीः** बच्चे में एडीएचडी विकार (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर) माता-पिता किसी से भी विरासत में मिल सकता है। लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि इसमें मातृ जीन की भूमिका ज्यादा होती है। जीन के साथ कई अन्य कारक भी बच्चे में इस विकार की संभावना को बढ़ाते हैं जैसे- गर्भावस्था के दौरान तंबाकू का धुआं, शराब या अन्य मादक पदार्थों का सेवन, विषैले पदार्थों के संपर्क में आना, गर्भावस्था के दौरान मां का तनावग्रस्त रहना। इसके साथ ही जन्म के बाद मां की जीवनशैली, खान-पान का असर भी बच्चे पर पड़ता है।

**मूड डिसऑर्डर्सः** अध्ययनों से साबित हुआ है कि डिप्रेशन के लगभग 40-50 प्रतिशत और बाइपोलर डिसऑर्डर के 60-80 प्रतिशत मामलों के पीछे मातृ जीन का हाथ होता है। लेकिन जीवन में तनाव और अप्रत्याशित दुर्घटना जैसे बाहरी कारक भी बच्चे में मूड डिसऑर्डर विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**ऑटोइम्यून डिजीजेजः** आनुवांशिक तौर पर मां से मिले माइटोकांड्रियल डीएनए की वजह से ल्यूपस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस और रूमेटाइड आर्थराइटिस जैसी ऑटोइम्यून बीमारियां होने का खतरा रहता है। *

**(साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ एंडोक्राइन सोसाइटी, इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)**



फिटनेस फंडा

आरव चौधरी

सोनी सब के शो 'वीर हनुमान' में हनुमान के पिता केसरी का रोल प्ले कर रहे एक्टर आरव चौधरी अपनी फिटनेस का खास खयाल रखते हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए आरव क्या कुछ करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

## कहीं भी रहूं, वर्कआउट जरूर करता हूं

एक्टर आरव चौधरी एक्टिंग के अलावा अपनी फिट बॉडी के लिए भी जाने जाते हैं। चाहे कितना भी बिजी शेड्यूल हो, वे वर्कआऊट के लिए टाइम जरूर निकालते हैं। अपने वर्क और फिटनेस रूटीन के बीच बैलेंस बनाकर चलते हैं, आरव चौधरी। अपने फिजिकल-मेंटल हेल्थ के लिए वे क्या करते हैं, अपनी डाइट और वर्कआउट रूटीन के बारे में डिटेल में यहां बता रहे हैं एक्टर आरव चौधरी।

**वर्कआउट रूटीनः** मेरा वर्कआउट रूटीन सिंपल है। मौसम अच्छा हो, तो दौड़ने चला जाता हूं और मौका मिला तो स्विमिंग भी कर लेता हूं। शूटिंग के दौरान घुड़सवारी अपने आप हो ही जाती है। इसके अलावा मैं चाहे कहीं भी जाऊं, अपने लिए जिम जरूर ढूंढ़ लेता हूं। अगर किसी ऐसे रिमोट एरिया में जाना हुआ, जहां कोई जिम नहीं है तो ऐसे में मैं कोई ऐसा घर ढूंढ़ लेता हूं, जहां दो-चार डंबल्स ही मिल जाएं, मैं उसी से वर्कआउट कर लेता हूं। लेकिन वर्कआउट करता जरूर हूं। मेरी कोशिश होती है कि हफ्ते में कम से कम पांच-छह दिन वर्कआउट जरूर करूं। मैं डेढ़ से दो घंटे एक्सरसाइज करता हूं। अगर समय कम हो, तो भी कम से कम पैतालीस मिनट से एक घंटा तो डेली वर्कआउट करता ही हूं।

**फॉलो करता हूं हेल्दी डाइट प्लानः** मैं हमेशा सादा खाना खाता हूं। शूटिंग के दौरान भी दाल, रोटी, चावल, राजमा, बिना ग्रेवी वाला पनीर वगैरह साथ रखता हूं। इसके अलावा फ्रूट्स खाता हूं, प्रोटीन लेता हूं, व्हे प्रोटीन पीता हूं और दिन में अंडे खाता हूं। मुझे मीठा खाना बहुत पसंद है, लेकिन पिछले चार महीने से मैंने मीठा नहीं खाया है।

**मेंटल हेल्थ भी जरूरीः** ओवरऑल फिटनेस के लिए फिजिकल फिटनेस के साथ-साथ मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। अच्छी मेंटल हेल्थ के लिए मैं प्रभु का नाम जपता हूं, ध्यान-साधना करता हूं। इसके अलावा मैं हमेशा वर्तमान में यानी आज में, अब में जीने की कोशिश करता हूं। मैं जहां भी रहता हूं, वहां हमेशा हंसी-खुशी, उल्लास, आनंद और प्रेम के साथ सबसे मिलकर रहने की कोशिश करता हूं। साथ ही मेरी कोशिश रहती है कि अपने आस-पास प्यार, हंसी-खुशी और आनंद बांट सकूं।

**मेरे फिटनेस आइडलः** मेरे सबसे बड़े फिटनेस आइडल हैं पवनपुत्र बजरंगबली हनुमान। उनके बाद बहुत से लोग हैं। हमारे ही देश के मनोहर आइच, जो मिस्टर इंडिया, मिस्टर वर्ल्ड और मिस्टर यूनिवर्स रहे हैं। एक सौ एक वर्ष की आयु तक जीवित रहे मिस्टर आइच और इस उम्र तक वे वर्कआउट करते रहे और लोगों को ट्रेन भी करते रहे। उनके अलावा, हॉकी के जादूगर ध्यानचंद, बॉक्सर मोहम्मद अली, हॉलीवुड एक्टर सिल्वेस्टर स्टेलोन, अर्नोल्ड श्वार्जनेगर। नेशनली-इंटरनेशनली बहुत सारे लोग हैं, जिनसे फिटनेस की इंस्पिरेशन ली जा सकती है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स



## खबर संक्षेप



### रेडिको खेतान के मुनाफे में 70.8 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** शराब निर्माता कंपनी रेडिको खेतान का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 70.8 प्रतिशत बढ़कर 92.07 करोड़ रुपये हो गया है। मात्रा में बढ़ोतरी से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। रेडिको खेतान ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में 53.91 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। मार्च तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 15.16 प्रतिशत बढ़कर 4,485.42 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 3,894.63 करोड़ रुपये था। मार्च तिमाही में, रेडिको खेतान की कुल आईएमएफएल मात्रा 27.9 प्रतिशत बढ़कर 91.5 लाख केस हो गई।

### पेटीएम का घाटा कम होकर 545 करोड़ रुपए


**नई दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड की मालिक वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का घाटा



पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में कम होकर 545 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 551 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आय मार्च तिमाही में 15.7 प्रतिशत घटकर 1,911.5 करोड़ रुपये रह गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 2,267.1 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष उसका घाटा घटकर 645.2 करोड़ रुपये रह गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,390.4 करोड़ रुपये थी।

### जीसीपीएल को चौथी तिमाही में 412 करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने मार्च, 2025 में समाप्त



बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 411.9 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) की एक नियामकीय सूचना के अनुसार, एक साल पहले जनवरी-मार्च की अवधि में इसे अपने अफ्रीका (स्ट्रेंथ ऑफ नेचर सहित) कारोबार में नुकसान के कारण 1,893.21 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

# सीमापार तनाव के बीच सोना एक बार फिर एक लाख रुपए के पार पहुंचा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ने से मांग में आई तेजी के बीच सोने की कीमतें राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 1,000 रुपये चढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गईं।

■ चांदी की कीमतें भी 440 रुपए बढ़कर 98,940 रुपए प्रति किलोग्राम

अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि दिल्ली के बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को यह 99,750 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। सोना इसके पहले 22 अप्रैल को भी 1800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना भी शामिल है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले महीने हुए आतंकवादी हमले के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत ये हमले किए गए। इस आतंकी हमले में 26 भारतीय नागरिकों की जान गई थी। वहीं, बुधवार को 99.5 प्रतिशत की शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,050 रुपये बढ़कर 1,00,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

## सोना 1000 रुपए चढ़कर 1,00,750 रुपए प्रति 10 ग्राम

### सोने को सुरक्षित निवेश माना गया

जब भी दुनिया पर कोई मुसीबत आती है, सोने की कीमत में तेजी आई है। अमेरिका और चीन, रूस और पश्चिमी देशों के बीच झगड़े चल रहे हैं। दुनिया में डर का माहौल होता है, तो लोग सोना खरीदते हैं। सोने को एक सुरक्षित निवेश भी माना गया है। इसके अलावा अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे बड़े देशों की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ रही है। मंदी से बिजनेस प्रभावित होगा इसलिए लोग सोना खरीद रहे हैं ताकि उनका पैसा सुरक्षित रहे।



### वैश्विक स्तर पर सराफा में रही तेजी

यह पिछले सत्र में 99,300 प्रति 10 ग्राम पर रही थी। इसके अलावा, चांदी की कीमतें भी 440 रुपये बढ़कर 98,940 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मंगलवार को यह 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 62.12 यानी 1.8 प्रतिशत बढ़कर 3,369.65 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं हाजिर चांदी का भाव 1.24 प्रतिशत से घटकर 32.81 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपना निवेश जारी रखा, निफ्टी में मामूली बढ़त दर्ज

# पाक के आतंकवादी ठिकानों पर हमले से शेयर बाजार में रहा उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स 106 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को कारोबार बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। हालांकि, मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

■ बाजार शुरुआती दौर में आई बड़ी गिरावट से उबरने में सफल रहा


बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के अंत में 105.71 अंक यानी 0.13 प्रतिशत चढ़कर 80,746.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 80,844.63 अंक के ऊपरी स्तर तक गया और 79,937.48 अंक के निचले स्तर तक आया।

### निफ्टी में एक फीसदी का उछाल

*निफ्टी भी 34.80 अंक बढ़कर 24,414.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 24,449.60 के उच्च स्तर और 24,220 के निम्न स्तर के बीच घूमता रहा। व्यापक बाजार के सूचकांक भी शुरुआती दौर में आई बड़ी गिरावट से उबरने में सफल रहे और एक प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए।*

### डिफेंस शेयर खरीदने की होड़

भारतीय डिफेंस कंपनियों के शेयरों में नया जोश दिख रहा है. मझगांव डॉक शपबिल्डर्स में 2 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में एक प्रतिशत और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयर करीब एक प्रतिशत तक उछल गया. निफ्टी डिफेंस इंडेक्स भी एक प्रतिशत ऊपर चढ़ा. इसके अलावा, भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के शेयर भी फोकस में है.



### नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा बाजार- रेलिगेयर

*रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'आतंकवादी हमले का जवाब सैन्य कार्रवाई से देने के बाद कारोबारी सत्र की शुरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। लेकिन बाद में यह तेजी से नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा और बढ़त के साथ बंद हुआ।'*

### टाटा मोटर्स व अदाणी पोर्ट्स में रही तेजी

*सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, आईटीसी, नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट देखी गई।*

### बाजार में बना रह सकता है उतार-चढ़ावः मेहता इक्विटीज

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''भले ही सीमापार आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के बाद बाजार में कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन अंत में अनिश्चितता दूर करने में कामयाब मिली। अगले कुछ दिनों में शेयर-विशिष्ट गतिविधियों के साथ बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।''

### एफआईआई ने की खरीदी

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,794.52 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा,''भारतीय बाजारों ने भारत-पाक तनाव के बीच काफी जुझारूपन दिखाया।

### मिडकैप व स्मालकैप में रही तेजी

बीएसई का मिडकैप सूचकांक 1.36 प्रतिशत चढ़ा जबकि स्मालकैप सूचकांक में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में वाहन खंड 1.74 प्रतिशत बढ़त के साथ सबसे आगे रहा जबकि उपभोक्ता खंड 1.21 प्रतिशत और धातु खंड 1.19 प्रतिशत चढ़ा।

### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट, और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि जापान के निक्की 225 सूचकांक में गिरावट रही। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में नकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में गिरावट रही थी।

# भारत का निजी इक्विटी उद्यम पूंजी बाजार बढ़कर 43 अरब डॉलर पहुंचा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी (पीई-वीसी) निवेश वर्ष 2024 में नौ प्रतिशत बढ़कर लगभग 1,600 सौदों के साथ 43 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

■ निवेश वर्ष 2024 में नौ प्रतिशत बढ़ा

वैश्विक प्रबंधन सलाहकार बैन एंड कंपनी की 'इंडिया प्राइवेट इक्विटी रिपोर्ट 2025' में बुधवार को यह जानकारी दी गई। इस रिपोर्ट को भारतीय उद्यम एवं वैकल्पिक पूंजी संघ (आईवीसीए) के सहयोग से जारी किया गया। इसके मुताबिक वर्ष 2025 में भी पीई-वीसी के लिए संभावनाएं आशावादी बनी हुई हैं।

### भारत की स्थिति हुई मजबूत

इस तेजी में पारंपरिक क्षेत्रों का विशेष योगदान रहा।'' इस सुधार ने एशिया-प्रशांत के दूसरे सबसे बड़े पीई-वीसी गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया, जिसने कुल निवेश का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया। भारत की कुल वृद्धि मुख्य रूप से वीसी और वृद्धि निवेशों के जरिये हुई, जबकि पीई निवेश 29 अरब अमेरिकी डॉलर पर स्थिर रहा।

समझौते के बाद सामानों के ऊपर से सीमा शुल्क को कम कर दिया गया

# भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड डील के बाद कार व्हिस्की से लेकर वाइन तक हो सकती हैं सस्ती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत-ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर मुहर लगने के बाद कई चीजों की कीमतें कम हो सकती है। एक समझौते के तहत कई सामानों के ऊपर से सीमा शुल्क को कम कर दिया गया है, जिनमें ब्रेटिन के स्कॉच व्हिस्की से लेकर डायमंड, गोल्ड, सिल्वर और पेट्रोलियम शामिल है। साथ ही, भारत से निर्यात होने वाले फुटवियर और गारमेंट के ऊपर से सीमा शुल्क में ब्रिटेन कटौती कर सकता है, जिसकी वजह से इसका एक्सपोर्ट और बढ़ जाएगा।

■ भारत से निर्यात होने वाले फुटवियर और गारमेंट पर सीमा शुल्क में ब्रिटेन कटौती कर सकता है

इसके अलावा, फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का बड़ा फायदा देश के यूथ को भी हो सकता है। इसकी वजह है ब्रिटेन में इनकी पढ़ाई और जॉब आसान हो जाएगा। हालांकि, इस समझौते पर अभी चर्चा होनी बाकी है। इस एग्रीमेंट के बाद साल 2030 तक दोनों इकॉनोमी के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब डॉलर होने की उम्मीद है।



### फ्री ट्रेड से कई चीजें सस्ती

इस समय ब्रिटेन से भारत में आने वाली कारों पर 100 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाया जाता है, लेकिन दोनों देशों के बीच एफटीए पर मुहर के बाद ये सस्ती हो सकती है। वाइन और स्कॉच विस्की के अलावा ब्रिटेन से निर्यात होने वाली जगुआर लैंड रोवर की कीमतें भी अब कम हो सकती है। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में 21.34 अरब डॉलर रहा था।

# एमजी ने विंडसर ईवी प्रो की लांच, शुरुआती कीमत 17.49 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने बुधवार को भारतीय बाजार में अपनी बेस्ट सेलिंग इलेक्ट्रिक कार एमजी विंडसर के नए अवतार 'एमजी विंडसर ईवी प्रो' को लांच किया।

■ कंपनी ने कार को बड़े बैटरी पैक के साथ किया पेश

आकर्षक लुक और दमदार इलेक्ट्रिक मोटर से लैस इस कार को कंपनी ने बड़े बैटरी पैक के साथ पेश किया है। इसके अलावा इस कार में कुछ ऐसे एडवांस फीचर्स को भी शामिल किया गया है जो इसे और भी बेहतर बनाते हैं। कंपनी ने इस इलेक्ट्रिक कार को इंट्रोडक्ट्री प्राइस के साथ लांच किया है, जो केवल शुरुआती कुछ यूनिट्स पर ही लागू होगा।



**फीचर्सः** नई एमजी विंडसर ईवी प्रो में कंपनी ने कुछ ख़ास फीचर्स को शामिल किया है। इसमें वी2वी (व्हीकल टू व्हीकल) और वी2एल (व्हीकल टू लोड) जैसी सुविधा दी गई है। इन फीचर्स की मदद से आप एक इलेक्ट्रिक कार से दूसरी इलेक्ट्रिक कार को चार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा अपनी इलेक्ट्रिक कार से दूसरे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज को भी पावर दे सकते हैं।

**रेंजः** नए एमजी विंडसर प्रो में सबसे बड़ा बदलाव बैटरी के तौर पर देखने को मिलता है।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

# मार्च तिमाही में घरों की औसत कीमतें स्थिर रहीं : रिपोर्ट

## ब्रोकरेज कंपनी प्रॉपटाइगर ने जारी किए आंकड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई और पुणे में घरों की औसत कीमतें पिछली तिमाही की तुलना में जनवरी-मार्च में स्थिर रहीं। रियल एस्टेट ब्रोकरेज कंपनी प्रॉपटाइगर के आंकडों के अनुसार, बेंगलुरु और हैदराबाद में कीमतों में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि अहमदाबाद तथा कोलकाता में यह चार-चार प्रतिशत बढ़ी। प्रॉपटाइगर, आरईए इंडिया का हिस्सा है। आरईए इंडिया के पास हाउसिंग डॉट कॉम का भी स्वामित्व है।

कंपनी ने कहा कि आवासीय संपत्ति की कीमतें सालाना आधार पर बढ़ती रही हैं, लेकिन हाल के तिमाहियों में वृद्धि की गति स्पष्ट रूप से मध्यम रही है। हाउसिंग डॉट कॉम एवं प्रॉपटाइगर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ध्रुव अग्रवाल ने कहा, '' पिछली कुछ तिमाहियों में देखी गई कीमत में मध्यम वृद्धि स्थिर बाजार को इंगित करती है..'' उन्होंने कहा, ''... संरचनात्मक बुनियादी बातों को मजबूत करने और स्थिर, स्थायी वृद्धि को सक्षम बनाने के लिए 2025 में बाजार के और समेकन से गुजरने के आसार हैं।'' आंकड़ों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई और पुणे बाजारों ने औसत कीमतों में कोई वृद्धि नहीं देखी। ये क्रमशः 12,600 रुपये, 8,106 रुपये, 7,173 रुपये और 7,109 रुपये प्रति वर्ग फुट रहीं।



### अहमदाबाद में कीमतें मामूली बढ़ी

अहमदाबाद में औसत मूल्य 4,402 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 4,568 रुपये हो गया। बेंगलुरु में कीमतें 7,536 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 7,881 रुपये फुट हो गईं। हैदराबाद में आवास की कीमत 7,053 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 7,412 रुपये फुट हो गई जबकि कोलकाता में 5,633 रुपये प्रति वर्ग फुट से 5,839 रुपये वर्ग फुट हो गई।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दाश M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्युकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130






# 'आपरेशन सिंदूर': तेंदुलकर समेत भारतीय खेल जगत ने देश की कार्रवाई को सराहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिये भारतीय सेना के 'आपरेशन सिंदूर' की भारतीय खेल जगत ने सराहना की है और चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने तो कहा ,''एकता में निडर, शक्ति में असीम।'' तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा , 'एकता में निडर, शक्ति में असीम । भारत की ढाल उसके लोग हैं । दुनिया में आतंकवाद के लिये कोई जगह नहीं है । हम एक टीम हैं । जय हिंद ।' पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा ,'' अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उस पर फूल फेंको लेकिन गमले के साथ । जय हिंद ।''

**हम एक देश ही नहीं एक टीम है : युवराज**
भारत की 2011 वनडे विश्व कप जीत के नायक युवराज सिंह ने लिखा ,'' हमारे देश की ताकत इसके लोगों की एकता और सही की रक्षा करने के हमारे संकल्प में है । हम एक देश ही नहीं बल्कि एक टीम के रूप में हर उस ताकत के खिलाफ साथ है जो अमन के लिये खतरा है । समरसता चाहने वाले विश्व में आतंकवाद के लिये कोई जगह नहीं हो सकती ।''

### धवन, गंभीर व साइना ने की सराहना

पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा ,'' भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की ।'' पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा ,'' जय हिंद ।'' भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर ने आपरेशन सिंदूर तस्वीर के साथ लिखा ,' जय हिंद ।'



### भारत ने प्रतिकूलता को फतेह में बदला : शमी

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आपरेशन सिंदूर की तस्वीर के साथ लिखा ,'' भारतीय सशस्त्र बल ने प्रतिकूलता को सशक्त फतेह में बदल दिया । भारतीय सेना के शौर्य और साहस ने हम सभी को गौरवान्वित किया है ।'' पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने भी भारत की कड़ी प्रतिक्रिया की सोशल मीडिया पर सराहना की।

### आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं : दत्त

ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी इसकी सराहना की । विजेंदर ने लिखा ,'' भारत माता की जय ।'' योगेश्वर ने लिखा ,'' आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा भारत । जय हिंद, जय जवान ।''

### भारत ने दिया माकूल जवाब : विदित गुजराती

शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती ने लिखा ,'' मुझे खुशी है कि भयानक पहलगाम हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर के जरिये माकूल जवाब दिया । आतंकवाद का जवाब दिया ही जाना चाहिये । आपरेशन का कितना सुंदर नाम । भारत माता की जय ।''

### ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ जवाब नहीं : श्रीजेश

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने लिखा, ''तिरंगा झुकता नहीं है और जो हमारे संकल्प की परीक्षा लेंगे, वे हमारी आग का सामना करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ जवाब नहीं है, इससे याद दिलाया गया है कि हम क्या हैं। हम कहां खड़े हैं। अपने सैनिकों को सलाम करता हूं। जय हिंद।''

### आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं : पीटी उषा

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और पूर्व फर्राटा धाविका पीटी उषा ने लिखा, ''भारत में और दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। '' पूर्व विश्व चैंपियन महिला मुक्केबाज निकहत जरीन ने लिखा, ''हमारे फौजी धमकी नहीं देते, कार्रवाई करते हैं।

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

## रोहित वनडे खेलना जारी रखेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोहित शर्मा ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की अब भारत को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की श्रृंखला के लिए नए कप्तान की



जरूरत होगी। पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब भारत के लिए केवल वनडे प्रारूप में ही नजर आएंगे। रोहित ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी टेस्ट कैप के साथ एक फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, ''सभी को नमस्कार, मैं बस यह साझा करना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। सफेद जर्सी में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात रही है। '' उन्होंने लिखा, ''इतने सालों तक मिले प्यार और समर्थन के लिए आपका शुक्रिया। मैं वनडे प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखूंगा। '' रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत की कप्तानी की। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पिछली श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला के अलावा कप्तान के रूप में उनका प्रदर्शन प्रभावी रहा। इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारत के पास एक नया टेस्ट कप्तान होगा जिसके संभावित उम्मीदवार जसप्रीत बुमराह, लोकेश राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत हो सकते हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कुछ टेस्ट मैचों में टीम की कप्तानी की थी। रोहित ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कठिन दौर का सामना किया, जहां उन्हें खराब फॉर्म के कारण अंतिम एकादश से बाहर होने का फैसला करना पड़ा। पर उन्होंने उस समय संन्यास लेने से इनकार कर दिया था। मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ उनके मतभेदों की भी काफी अटकलें रही थीं जिन्होंने पिछले साल जुलाई में कार्यभार संभालने के बाद भारतीय क्रिकेट में 'स्टार संस्कृति' खत्म करने की बात की थी।

### ताइपे ओपन : श्रीकांत आयुष, दूसरे दौर में

ताइपे। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना अभियान शानदार तरीके से शुरू करते हुए सीधे गेम में जीत दर्ज कर कई अन्य युवा खिलाड़ियों के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने हमवतन संकर सुब्रमण्यम (2022 विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता) को 21-16 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया और अब उनका सामना एक अन्य भारतीय आयुष शेट्टी से होगा।

चेन्नई ने कोलकाता के प्ले ऑफ में जाने की राह की मुश्किल

# नूर और ब्रेविस ने चेन्नई को कोलकाता पर दो विकेट की रोमांचक जीत दिलाई

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

नूर अहमद की फिरकी के जादू के बाद डेवाल्ड ब्रेविस के तूफानी अर्धशतक से चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को बेहद रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हराकर मेजबान टीम की प्ले ऑफ में जगह बनाने की राह बेहद मुश्किल कर दी।

इस जीत के साथ सुपरकिंग्स ने लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा दिया लेकिन टीम अब भी 12 मैच में छह अंक के साथ अंतिम पायदान पर है। नाइट राइडर्स की टीम 12 मैच में 11 अंक के साथ छठे स्थान पर है और अधिकतम 15 अंक जुटा सकती है। कप्तान अजिंक्य रहाणे (48), आंद्रे रसेल (38) और मनीष पांडे (नाबाद 36) की पारियों से नाइट राइट राइडर्स ने छह विकेट पर 179 रन बनाए जिसके जवाब में सुपरकिंग्स ने 60 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद डेवाल्ड ब्रेविस (52 रन, 25 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक और शिवम दुबे (45 रन, 40 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) के साथ उनकी छठे विकेट की 67 रन की साझेदारी से 19.4 ओवर में आठ विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की।



### कोलकाता की ओर से अरोड़ा ने लिए तीन विकेट

रहाणे ने 33 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े जबकि रसेल ने अपनी ताबड़तोड़ पारी के दौरान 21 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और चार चौके मारे। नाइट राइडर्स की ओर से वैभव अरोड़ा ने 48 रन देकर तीन जबकि वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा ने क्रमशः 18 और 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

### नूर रहे सबसे सफल बॉलर

इससे पहले सुपरकिंग्स की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर नूर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 31 रन देकर चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरकिंग्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 37 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। आयुश म्हात्रे (00) ने अरोड़ा की पारी की दूसरी ही गेंद पर हर्षित आणा को कैच थमाया।

### अश्विन चौथे नंबर पर आए

पदार्पण कर रहे उर्विल पटेल (31, 11 गेंद, चार छक्के, एक चौका) ने अरोड़ा पर छक्के से खाता खोला और फिर अगले ओवर में मोईन अली की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा। मोईन ने हालांकि सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (00) को बोल्ड कर दिया। सुपरकिंग्स ने रविचंद्रन अश्विन को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा।

### चेन्नई का पावर प्ले में स्कोर 5 विकेट पर 62 रन था

चक्रवर्ती ने इसके बाद जडेजा (19) को बोल्ड किया जिससे सुपरकिंग्स स्कोर पावर प्ले में पांच विकेट पर 62 रन रहा। डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने सुनील नारायण के पहले ओवर में चौके मारे। ब्रेविस ने नारायण पर छक्का जड़ा। ब्रेविस ने 11वें ओवर में अरोड़ा को निशाना बनाते हुए तीन छक्कों और तीन चौकों से 30 रन जोड़कर 22 गेंद में अपना पहला आईपीएल अर्धशतक पूरा किया और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 |
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

ऑरेंज कैप



सूर्य कुमार
510 रन
मुंबई

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
20 विकेट
गुजरात

**खेलो इंडिया युवा खेलों की लाइव स्ट्रीमिंग**
नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ हाल ही में हुई साझेदारी को आगे बढाते हुए खेलो इंडिया युवा खेलों का आईओसी के आनलाइन चैनल पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है।

त्रिकोणीय मुकाबले के फाइनल में होगा श्रीलंका से सामना

# रौड्रिग्स का शतक, भारतीय महिला टीम 23 रन से जीतकर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

जेमिमा रौड्रिग्स की कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 123 रन की पारी तथा सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (51 रन) और दीप्ति शर्मा (93 रन) के अर्धशतकों की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 23 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना श्रीलंका से होगा।

चौबीस वर्ष की रौड्रिग्स की 15 चौकों और एक छक्के जड़ित 101 गेंद की पारी से भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 337 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर अपनी तेज गेंदबाज अमनजोत कौर (59 रन देकर तीन विकेट) और ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (57 रन देकर दो विकेट) की मदद से दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट पर 314 रन ही बनाने दिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए एनेरी डर्कसेन की 81 रन और कप्तान क्लो ट्रायोन की 67 रन की पारी भी काम नहीं आ सकी। भारत ने रॉउड रॉबिन चरण का अंत चार मैच में छह अंक के साथ समाप्त किया। श्रीलंका के तीन मैच में



चार अंक हैं और शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर वह दो अंक और हासिल कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका लगातार तीन मैच गंवाकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जबकि उसे अभी श्रीलंका के खिलाफ एक मैच खेलना है। इससे पहले रौड्रिग्स ने मंधाना के साथ पहले विकेट के लिये 99 गेंद में 88 रन की साझेदारी की । इसके बाद दीप्ति के साथ 115 गेंद में 122 रन जोड़े ।

अंक तालिका में पंजाब तीसरे और दिल्ली पांचवें स्थान पर

# दिल्ली के लिए आज 'करो या मरों' का मुकाबला

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी । पिछले पांच मैचों में तीन हारने और एक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली 11 मैचों में 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है।

अक्षर पटेल की कप्तानी वाली टीम अपने घरेलू मैदान अरूण जेटली स्टेडियम पर सिर्फ एक मैच सुपर ओवर में जीत पाई है । पहले चार मैच जीतने वाली दिल्ली की टीम को उम्मीद है कि मैदान बदलने से उसकी तकदीर भी बदलेगी।



### पंजाब और मुंबई का मैच मुंबई में संभव

मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल का मैच मुंबई में कराया जा सकता है क्योंकि दोनों टीमों का यात्रा कार्यक्रम बाधित हो गया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया ,'' इसकी पूरी संभावना है कि हवाई अड्डा बंद रहने पर मैच मुंबई में ही कराया जाये।'' दिल्ली और पंजाब का मैच धर्मशाला में ही होगा क्योंकि दोनों टीमें वहां पहुंच गई है ।


### पोरेल अच्छी शुरुआत का लाभ नहीं ले पा रहे

दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी गेंदबाजों की मददगार पिच पर शुरू ही से चौके छक्के लगाने के प्रयास में आउट हो गए । अभिषेक पोरेल अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं ।वहीं अब तक 381 रन बना चुके केएल राहुल लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं । अक्षर खुद जल्दी आउट हो गए थे ।दिल्ली की बल्लेबाजी में हालांकि अभी भी गहराई है । ट्रिस्टन स्टब्स , विपराज निगम और आशुतोष ने उसे सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम बल्लेबाजों का मददगार रहा है । यहां पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच मैच में बड़ा स्कोर बना था ।




| Price S. No. | Price Iteam | Winner Of Coupen No. |
|---|---|---|
| 4 | SAMSUNG WASHING MACHINE | 185180 |
| 5 | SAMSUNG WASHING MACHINE | 445279 |
| 6 | SAMSUNG WASHING MACHINE | 185923 |
| 7 | SAMSUNG WASHING MACHINE | 122380 |
| 8 | SAMSUNG WASHING MACHINE | 609084 |
| 9 | SAMSUNG WASHING MACHINE | 20180 |
| 10 | SAMSUNG WASHING MACHINE | 353475 |
| 11 | SAMSUNG WASHING MACHINE | 149662 |
| 12 | SAMSUNG WASHING MACHINE | 318390 |
| 13 | SAMSUNG WASHING MACHINE | 185957 |
| 14 | 100 gm Silver | 512397 |
| 15 | 100 gm Silver | 359618 |
| 16 | 100 gm Silver | 549555 |
| 17 | 100 gm Silver | 583523 |
| 18 | 100 gm Silver | 661680 |
| 19 | 100 gm Silver | 437835 |
| 20 | 100 gm Silver | 212490 |
| 22 | 100 gm Silver | 502691 |
| 21 | 100 gm Silver | 663969 |
| 23 | 100 gm Silver | 385867 |
| 24 | 100 gm Silver | 504236 |
| 25 | 100 gm Silver | 424930 |
| 26 | 100 gm Silver | 639199 |
| 27 | 100 gm Silver | 217328 |
| 28 | 100 gm Silver | 692787 |
| 29 | 100 gm Silver | 443171 |
| 30 | 100 gm Silver | 503257 |
| 31 | 100 gm Silver | 16917 |
| 32 | 100 gm Silver | 61484 |
| 33 | 100 gm Silver | 505818 |
| 34 | 100 gm Silver | 424513 |
| 35 | 100 gm Silver | 94570 |
| 36 | 100 gm Silver | 130881 |
| 37 | 100 gm Silver | 105714 |
| 38 | 100 gm Silver | 531043 |
| 39 | 100 gm Silver | 421641 |
| 40 | 100 gm Silver | 241992 |
| 41 | 100 gm Silver | 430550 |
| 42 | 100 gm Silver | 620018 |
| 43 | 100 gm Silver | 220718 |
| 44 | 100 gm Silver | 583497 |
| 45 | 100 gm Silver | 638348 |
| 46 | 100 gm Silver | 690011 |
| 47 | 100 gm Silver | 128950 |
| 48 | 100 gm Silver | 108332 |
| 49 | 100 gm Silver | 91043 |
| 50 | 100 gm Silver | 94008 |
| 51 | 100 gm Silver | 124068 |
| 52 | 100 gm Silver | 480718 |
| 53 | 100 gm Silver | 172330 |
| 54 | 100 gm Silver | 83336 |
| 55 | 100 gm Silver | 154127 |
| 56 | 100 gm Silver | 491487 |
| 57 | 100 gm Silver | 261226 |
| 58 | 100 gm Silver | 461941 |
| 59 | 100 gm Silver | 214955 |
| 60 | 100 gm Silver | 50406 |
| 61 | 100 gm Silver | 89497 |
| 62 | 100 gm Silver | 308234 |
| 63 | 100 gm Silver | 392374 |
| 64 | 50 gm Silver | 264919 |
| 65 | 50 gm Silver | 280616 |
| 66 | 50 gm Silver | 680552 |
| 67 | 50 gm Silver | 167412 |
| 68 | 50 gm Silver | 118180 |
| 69 | 50 gm Silver | 589749 |
| 70 | 50 gm Silver | 369807 |
| 71 | 50 gm Silver | 51110 |
| 72 | 50 gm Silver | 515215 |
| 73 | 50 gm Silver | 612662 |
| 74 | 50 gm Silver | 9678 |
| 75 | 50 gm Silver | 9697 |
| 76 | 50 gm Silver | 339783 |
| 77 | 50 gm Silver | 19839 |
| 78 | 50 gm Silver | 268320 |
| 79 | 50 gm Silver | 76848 |
| 80 | 50 gm Silver | 527216 |
| 81 | 50 gm Silver | 91707 |
| 82 | 50 gm Silver | 257237 |
| 83 | 50 gm Silver | 56056 |
| 84 | 50 gm Silver | 587658 |
| 85 | 50 gm Silver | 373967 |
| 86 | 50 gm Silver | 449464 |
| 87 | 50 gm Silver | 506305 |
| 88 | 50 gm Silver | 671769 |
| 89 | 50 gm Silver | 809012 |
| 90 | 50 gm Silver | 155328 |
| 91 | 50 gm Silver | 242108 |
| 92 | 50 gm Silver | 296238 |
| 93 | 50 gm Silver | 372529 |
| 94 | 50 gm Silver | 59014 |
| 95 | 50 gm Silver | 7070 |
| 96 | 50 gm Silver | 605162 |
| 97 | 50 gm Silver | 245516 |
| 98 | 50 gm Silver | 104715 |
| 99 | 50 gm Silver | 583297 |
| 100 | 50 gm Silver | 576365 |
| 101 | 50 gm Silver | 193397 |
| 102 | 50 gm Silver | 376285 |
| 103 | 50 gm Silver | 455908 |
| 104 | 50 gm Silver | 636614 |
| 105 | 50 gm Silver | 36740 |
| 106 | 50 gm Silver | 106558 |
| 107 | 50 gm Silver | 491210 |
| 108 | 50 gm Silver | 489836 |
| 109 | 50 gm Silver | 228661 |
| 110 | 50 gm Silver | 156439 |
| 111 | 50 gm Silver | 414956 |
| 112 | 50 gm Silver | 427366 |
| 113 | 50 gm Silver | 520418 |
| 114 | 50 gm Silver | 585797 |
| 115 | 50 gm Silver | 138146 |
| 116 | 50 gm Silver | 249909 |
| 117 | 50 gm Silver | 627758 |
| 118 | 50 gm Silver | 206935 |
| 119 | 50 gm Silver | 470998 |
| 120 | 50 gm Silver | 11141 |
| 121 | 50 gm Silver | 279909 |
| 122 | 50 gm Silver | 670892 |
| 123 | 50 gm Silver | 170032 |
| 124 | 50 gm Silver | 290693 |
| 125 | 50 gm Silver | 71337 |
| 126 | 50 gm Silver | 288794 |
| 127 | 50 gm Silver | 528341 |
| 128 | 50 gm Silver | 427587 |
| 129 | 50 gm Silver | 701820 |
| 130 | 50 gm Silver | 38033 |
| 131 | 50 gm Silver | 537863 |
| 132 | 50 gm Silver | 637743 |
| 133 | 50 gm Silver | 86707 |
| 134 | 50 gm Silver | 481885 |
| 135 | 50 gm Silver | 460522 |
| 136 | 50 gm Silver | 696161 |
| 137 | 50 gm Silver | 666412 |
| 138 | 50 gm Silver | 9417 |
| 139 | 50 gm Silver | 76180 |
| 140 | 50 gm Silver | 226436 |
| 141 | 50 gm Silver | 138384 |
| 142 | 50 gm Silver | 162245 |
| 143 | 50 gm Silver | 137695 |
| 144 | 50 gm Silver | 412221 |
| 145 | 50 gm Silver | 534414 |
| 146 | 50 gm Silver | 106816 |
| 147 | 50 gm Silver | 578507 |
| 148 | 50 gm Silver | 240708 |
| 149 | 50 gm Silver | 391239 |
| 150 | 50 gm Silver | 203427 |
| 151 | 50 gm Silver | 458606 |
| 152 | 50 gm Silver | 408264 |
| 153 | 50 gm Silver | 449155 |
| 154 | 50 gm Silver | 478996 |
| 155 | 50 gm Silver | 506948 |
| 156 | 50 gm Silver | 127181 |
| 157 | 50 gm Silver | 176171 |
| 158 | 50 gm Silver | 156180 |
| 159 | 50 gm Silver | 587219 |
| 160 | 50 gm Silver | 510015 |
| 161 | 50 gm Silver | 773165 |
| 162 | 50 gm Silver | 399423 |
| 163 | 50 gm Silver | 173697 |


JAIN TRADERS किसी भी प्रकार के विवाद में अंतिम निर्णय कंपनी के पास सुरक्षित रहेगा। AKRITI VIHAR, AMLIDHI, RAIPUR, 94242-05071



# 'मुझे किसी शक्ति ने धरती पर भेजा है' एआई बदल रही है लोगों के दिमाग!

वॉशिंगटन। एआई के नए नए इस्तेमाल सामने आ रहे हैं। तेजी से बदलती इस दुनिया में चैटजीपीटी जैसे टूल्स ने कई तरह की तकनीकों को बेकार कर किया है। लोग भी धीरे-धीरे इसकी क्षमताएं पहचान रहे हैं। लेकिन, अब बात इससे आगे बढ़ती दिख रही है। चैटजीपीटी लोगों को और भी कई नए दायरों में लेकर जा रहा है। वह उनसे ऐसी बातें कह रहा है या ऐसी बातों पर यकीन दिलवा रहा है जो असल में है ही नहीं। ऐसी काल्पनिक बातों में सुपरनैचुरल या अलौकिक और अजीब से आध्यात्मिक जुनूनी अनुभव जैसी चीज़े शामिल हैं।

## इंसानी रिश्तों पर चैटजीपीटी का पड़ रहा है असर




### चैटजीपीटी जनित मनोविकृति चिंताजनक

एक्स्पर्ट्स इस चैटजीपीटी जनित मनोविकृति से पैदा हुए संकट से बहुत ही ज्यादा चिंतित हैं। कई लोगों का बर्ताव बहुत ही असामान्य तरह का होता जा रहा है। जैसे-जैसे वे इसके साथ समय गुजारते हैं, उनका विश्वास बढ़ता चला जाता है। इसका सीधा संबंध मानवीय रिश्तों पर पड़ रहा है।



### साजिशों पर ज्यादा करने लगे हैं यकीन

एआई टूल लोगों को भ्रम की हालत में ढकेल रहा है और ऐसे हालात पैदा कर रहा है जहां वे एआई से डरने लगे हैं। लोग इस तरह का दावा करने लगे हैं कि उन पर नजर रखी जा रही है, या फिर वे साजिश के सिद्धांतों की बातें करने लगे हैं। वहीं, कुछ लोग इस तरह के दावे भी करने लगे हैं कि उन्हें पृथ्वी पर किसी एआई शख्सियत या खगोलीय शक्तियों ने धरती पर किसी खास काम को करने के लिए भेजा है।

# 10 हजार करोड़ रुपए का खर्च अंतरिक्ष में भारत रचेगा इतिहास

नई दिल्ली। भारत की स्पेस एजेंसी इसरो जल्द ही देश का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' 2027 में लॉन्च होने वाला है। मिशन में कई बार होती रही है, क्योंकि तकनीकी रूप से से बहुत मुश्किल मिशन है और भारत इसे पूरी तरह अपनी तकनीक से बना रहा है। क्योंकि, भी अन्य देश इस खास तकनीक को किसी और देश के साथ शेयर नहीं कर सकता।

'गगनयान' मिशन पर भारत लगभग 10 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रहा है, जो लगभग आखिरी चरणों में है और भारत का यह मिशन पहली मानव उड़ान 2027 की पहली तिमाही में तय कर ली जाएगी, जो श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा।

### आखिरी चरणों में है मिशन

डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि गगनयान मिशन की लागत, दुनिया के




बाकी देशों के ऐसे मिशनों के मुकाबले काफी कम है और इससे जो तकनीकी और आर्थिक फायदे मिलेंगे वे खर्च से कहीं ज्यादा हैं। इस मिशन के लिए जरूरी रॉकेट मानव-रेटेड एलवीएम3ः एलवीएम3 क्रू एस्केप सिस्टम और क्रू मॉड्यूल और सेवा मॉड्यूल की टेस्टिंग और जोड़ने का काम आखिरी चरणों में है। इस साल के आखिर तक गगनयान का बिना मानव वाला ऑर्बिटल मिशन लॉन्च किया जाएगा।

## स्वदेशी तकनीक, कम खर्च और दूरदर्शी नेतृत्व



टीवी-D2 मिशन 2025 के आखिर में होगा, इस मिश के बाद गगनयान के बिना मानव के ऑर्बिटल फ्लाइट्स होंगी। इन सभी के बाद 2027 में भारतीय अंतरिक्ष यात्री भारत के रॉकेट से भारतीय धरती से अंतरिक्ष में जाएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी इसे एतिहासिक मिशन करार देते हुए कहा कि यह भारत के लिए ना सिर्फ वैज्ञानिक उपलब्धि होगी, बल्कि भारत के अंतरिक्ष ताकत बनने की दिशा में एक अहम और बड़ा कदम साबित होगी। क्योंकि इस मिशन में स्वदेशी तकनीक, कम खर्च और दूरदर्शी नेतृत्व की शामिल होगा।





### ट्रेनिंग ले चुके हैं वायुसेना के पायलट

भारतीय नौसेना के साथ रिकवरी ट्रायल भी किए जा चुके हैं। चार भारतीय वायुसेना के पायलट, जिन्हें इस मिशन के लिए चुना गया है, उन्होंने रूस में ट्रेनिंग पूरी कर ली है और अब भारत में मिशन से जुड़ी खास ट्रेनिंग ले रहे हैं। उनके स्वास्थ्य, मानसिक स्थिति और मिशन के लिए तैयारियों का लगातार मूल्यांकन किया जा रहा है।

# आतंकी हमला होते ही घूमने चला जाता है ये शख्स, आतंक के बीच मनाता है छुट्टियां

**लंदन।** बीते दिनों कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमलों ने पूरे देश को हैरान कर दिया। निहत्थे टूरिस्ट्स को आतंकियों ने धर्म के आधार पर मार दिया। इस घटना के बाद जहां पूरे देश में लोग पाकिस्तान के विरोध में उतर आए वहीं सोशल मीडिया पर लोगों का एक ऐसा तबका भी नजर आया जो हमले के बाद कश्मीर घूमने जाने की प्लानिंग बनाता दिखा। जहां आमतौर पर कहीं आतंकी हमला होने के बाद लोग वहां जाने से घबराने लगते हैं, वहीं अब एक नया ट्रेंड शुरू हुआ है। वो है इन हमलों के बाद उस जगह छुट्टियां मनाने का ट्रेंड। सोशल मीडिया पर एक शख्स ने इस ट्रेंड को सालों से फॉलो करने का अपना अनुभव शेयर किया। शख्स ने बताया कि वो उन देशों में घूमने जाता है, जहां आतंकी हमले हो चुके होते हैं। इसकी वजह भी उसने बताई। जहां आमतौर पर सिक्युरिटी पर्पस से ये खतरनाक लग सकता है, वहीं शख्स का कहना है कि इन हमलों के बाद वहां घूमने से ज्यादा सेफ और सस्ता कुछ नहीं है।










Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices are applicable in Bilaspur. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

**अधिकृत डीलरः** रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, **एसोशिएट डीलरः** रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, सिमगाः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, हरपिनाराः अंशु ऑटो, 6261421161, **डीलर एक्सटेंशन काउंटरः** रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, **ऐडिशनल वर्कशॉपः** रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, **जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः** संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983

SAATCHI & SAATCHI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com